




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
फ्रेंड्स कलेक्शन
संपर्क करें
जवाहर मार्केट 930144443



वर्ष- 15 अंक - 181 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 15 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### लूट कर फरार हुए बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़, एक एसआई और बदमाश को लगी गोली

**देहरादून ( एजेंसी )।** वसंत विहार के पर्ल हाइट अपार्टमेंट में लूट कर फरार हुए बदमाशों की बिहारीगढ़ में पुलिस से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक एसआई गोली लगने से घायल हो गया और एक बदमाश के पैर में भी गोली लगी है। दोनों घायलों को कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं, एक अन्य बदमाश गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अनुराग चौक के पास पर्ल हाइट अपार्टमेंट में एक्सपोर्टर विकास त्यागी के घर पर तीन बदमाशों ने लूट की थी। बदमाश वहां से करीब आठ लाख रुपये नकद और 20 तोले सोने के जेवरात लूटकर ले गए थे।

### आटो वाले ने चांदी से भरा थैला लौटाकर पेश की मिसाल

**कोरबा।** जिला ऑटो संघ इन दिनों अपने द्वारा किए गए नेक कार्यों के लिए काफी सुर्खियां बटोर रहा है। संघ के ऑटो चालक अपनी ईमानदारी के मिशाल पेश कर रहे है, जिससे संघ की चौतरफा तारीफहो रही है। एक बार फिर से एक ऑटो चालक ने चांदी के जेवरातों से भर थैला उसकी वास्तविक हकदार को लौटा दिया। दरअसल भैसमा से बुधवारी लौट रही महिला का थैला ऑटो में छूट गया था, जिसे संघ के कार्यालय में महिला को बुलवाकर वापस किया गया। जिला ऑटो संघ ने चांदी के जेवरातों से भरा थैला उसके वास्तविक हकदार को वापस लौटा दिया। बताया गया कि बुधवारी वापसी के दौरान महिला गायत्री बरेठ का थैला ऑटो में ही छूट गया था, जिसमें महिला ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए गहने बनवाए थे। थैला गुमने के बाद महिला काफी परेशान हो गई थी। अपने स्तर पर काफी खोजबीन करने के बाद जब उसे सफलता नहीं मिली तब वह सीधे ऑटो संघ के कार्यालय पहुंची जहां संघ ने महिला को उसका गहनों से भरा थैला लौटा दिया।

### उधर टीम अवैध शराब पर कार्रवाई कर रही थी, इधर उनकी गाड़ी जल रही थी

**महासमुंद ।** जिले में अवैध शराब भंडारण की सूचना पर कार्रवाई के लिए राजस्व, आबकारी व एसएसटी, पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम के सदस्य निरीक्षण के लिए गाड़ी छोड़कर जंगल में गए थे। इस दौरान गाड़ी में आग लग गई और गाड़ी पूरी तरह से जल गई।

शराब के अवैध भंडारण की सूचना पर सरायपाली अनुभाग के बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम परसापाली पहुंची चुनावी उड़नदस्ता एसएसटी वाहन आगजनी की शिकार हो गई। टीम के सदस्य निरीक्षण के लिए गाड़ी छोड़कर जंगल में गए थे। वापस लौटने पर पाया कि गाड़ी पूरी तरह जल चुकी है। मामले की जानकारी मिलते ही बलौदा पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, बलौदा थाना क्षेत्र के पलसापाली के जंगल में अवैध शराब बनाए जाने की सूचना पर राजस्व, आबकारी व एसएसटी, पुलिस की संयुक्त टीम कार्रवाई के लिए गई थी। अलग-अलग विभाग के तीनों वाहनों को जंगल की ओर जाने वाले मार्ग पर छोड़कर टीम के सदस्य जंगल की ओर रवाना हुए। वहीं, पुलिस की वाहन जंगल के और अंदर तक गई और साथ में चालक भी मौजूद रहा। वहां पर मौके से शराब बनाए जाने के सामानों के साथ लगभग 6 लाख 50 हजार रुपये की शराब और महुआ बरामद किया गया।

# छत्तीसगढ़ फॉर्मूले के दम पर चुनाव जीतना चाहती है कांग्रेस

## विधानसभा में मिली शानदार जीत के बाद लोकसभा में सफाया करने पर तुली भाजपा

### बस्तर की धरती से राहुल गांधी का ऐलान, सरकार बनी तो देश भर में होगा किसानों का कर्जा माफ



**रायपुर ( एजेंसी )।** कांग्रेस अपने छत्तीसगढ़ फॉर्मूले के दम पर लोकसभा चुनाव में फतह हासिल करना चाहती है। छत्तीसगढ़ में पहली बार कांग्रेस की सरकार में हुई किसान कर्जमाफी योजना को पूरे देश में लागू करना चाहती है। यह कांग्रेस के एक बड़े दांव के रूप में देखा जा रहा है। बस्तर की धरती से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस संबंध में ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि साल 2018 में छत्तीसगढ़ में जब हमारी सरकार बनी तो हमने प्रदेश के किसानों का कर्जा माफ किया था। उनसे समर्थन मूल्य पर धान खरीदा था। अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी, तो यही योजना देशभर में लागू करेंगे। किसानों का कर्जा माफ करेंगे। महिलाओं को सलाना एक लाख रुपये और युवाओं को रोजगार देंगे। अग्निपथ योजना बंद करेंगे। युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे। इन्हीं वादों के सहारे कांग्रेस देश में लोकसभा चुनाव जीतना चाहती है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कब्जा करना चाहती है।

दूसरी ओर विधानसभा चुनाव 2023 में मिली शानदार जीत से भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। शुरुआती दौर में छत्तीसगढ़ भाजपा के सुस्त रफ्तार के बाद बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व के सीनियर नेताओं ने जिस तरह से विधानसभा चुनाव 2023 में छत्तीसगढ़ का मोर्चा संभाला था। प्रदेश में धुआंधार प्रचार किया था। ठीक उसी तरह लोकसभा चुनाव 2024 में भी बीजेपी यही क्रम दोहराना चाहती है। केंद्रीय नेतृत्व के नेता लगातार छत्तीसगढ़ में दौरा कर रहे हैं। बीजेपी के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। इसलिए बीजेपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस से पहले ही एक ही चरण में 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों का एलान कर दी थी, जबकि कांग्रेस उसके बाद तीन बार में लिस्ट जारी की है। प्रचार-प्रसार के मामले में भी बीजेपी कांग्रेस से आगे चल रही है। बीजेपी चुनाव प्रभारी नीतिन नबीन मोर्चा संभाले हुये हैं। पीएम नरेंद्र मोदी बस्तर में तो राजनाथ सिंह दंतेवाड़ा और बालोद, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खैरागढ़ जिले में रविवार को ही चुनावी सभा कर चुके हैं। दूसरी ओर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की ही बस्तर में चुनावी सभा हुई है।

बीजेपी के केंद्रीय और स्थानीय नेता प्रदेश की सभी 11 की 11 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं। बीजेपी प्रदेश में पूरी तरह से कांग्रेस का सफाया करने पर तूली हुई है। विगत दो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की 11 में से 1 और 2 सीटें कब्जे में रही हैं। लोकसभा चुनाव 2014 में दुर्ग से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू चुनाव जीते थे बाकी 10 सीटों पर बीजेपी ने बाजी मारी थी। लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस ने बस्तर और कोरबा का किला जीती थी। बस्तर से दीपक बैज, तो कोरबा से पूर्व केंद्रीय मंत्री चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत जीती थीं।

इस बार बीजेपी पूरी तरह से मैदान खाली करवाना चाहती है। सभी 11 की 11 सीटों पर कब्जा करना चाहती है। वह फुल कॉंफिडेंस में है। हालांकि कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के रूप में सचिन पायलट छत्तीसगढ़ किले में मोर्चा संभाले हुए हैं, लेकिन कांग्रेस अपने ही अंदर भितरघात से जूझ रही है। पार्टी में सिर फुटौवल का सिलसिला जारी है। समय-समय पर लेटरबाजी कर 'पार्टी में बम' फोड़ रहे हैं। इस बम के आवाज की गूंज उनके दिल्ली हाईकमान तक गूंज रही है। पार्टी इससे परेशान हैं और इसे फौरीतौर पर सुलझाने में ही लगी हुई है। तमाम तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। चुनाव से पहले नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने का दौर भी चल रहा है। दूसरी ओर पार्टी सख्त कदम उठाते हुए चुनाव छोड़ ऐसे नेताओं को बर्खास्त करने और अनुशासन का पाठ पढ़ाने में भी लगी हुई है।

### कार्यकर्ता उठा रहे कामकाज पर सवाल

कांग्रेस के कार्यकर्ता एक दूसरे पर जमकर आरोप लगा रहे हैं। बयानबाजी कर रहे हैं। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सामने ही मंच से अपनी भड़ास सुनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस हाईकमान तक लेटर लिखकर पूर्व सीएम की शिकायत कर रहे हैं। भूपेश राज के कामकाज पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत का कहना है कि हम बीजेपी की तरह 400 प्लस सीटें जीतने का दावा नहीं करते हैं पर छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में से 3 से 4 सीटे जीतने का पूरा प्रयास जरूर करेंगे।



## तेंदुए ने 3 दिन में किए 3 शिकार, ग्रामीणों में दहशत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर।** छत्तीसगढ़ के एमसीबी जिले में तेंदुआ आतंक का पर्याय बन चुका है। भरतपुर के ग्राम पंचायत भगवानपुर में आश्रित गांव रेद में तेंदुआ लगातार पिछले तीन दिनों से शिकार कर रहा है। हर रोज रात को तेंदुआ गांव पहुंच रहा है और एक जान को अपना शिकार बना रहा है. जिससे गांव के लोग डरे हुए हैं।

एमसीबी के रेदा गांव में तेंदुआ लगातार मवेशियों का शिकार कर रहा है। कभी गाय तो कभी बैल को अपना शिकार बना रहा है। शनिवार शाम को गांव की श्यामवती यादव ने अपनी गाय को घर के नजदीक बने गौशाला में बांधा था। 14 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे तेंदुए ने शिकार करने की कोशिश की, लेकिन आसपास के लोगों ने देख लिया और हल्ला करने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। लेकिन सुबह 4 बजे के आसपास तेंदुआ फिर गांव पहुंचा और एक गाय का शिकार किया। शनिवार शाम को ही शिव लाल यादव ने घर से 100 मीटर दूर बने बाड़े में मवेशियों को बांधकर रखा था। रविवार सुबह शिवलाल जब बाड़े में पहुंचा तो देखा कि बाड़ा टूटा हुआ है और एक बैल भी वहां नहीं है। आसपास खोजने पर पता चला कि तेंदुए ने बैल का शिकार कर बाड़े से 500 मीटर दूर जंगल में खींचकर ले गया।

इससे पहले वन परिक्षेत्र कुंवारपुर के रेदा गांव में तेंदुए ने गांव के ही गोरालाल की गाय का शिकार किया। गाय को गोरेलाल ने जंगल के पास आमा खोलकी, कक्ष क्रमांक पीएफ 1290 के पास बने बाड़े में बांधकर रखा था। रात को तेंदुआ पहुंचा और गाय पर हमला कर उसे मार डाला। वन विभाग ने भी तेंदुआ के शिकार करने की पुष्टि की है। तेंदुए पर नजर रखी जा रही है। गांव वालों को भी शाम होने के बाद घरों से निकलने के लिए मना किया गया है।

# नक्सलियों की सूचना दो और पाओ 5 लाख!

श्रीकंचनपथ न्यूज




### कबीरधाम के एसपी अभिषेक पल्लव की अनोखी पहल

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों के खिलाफहो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद अब कबीरधाम पुलिस भी अलर्ट मोड़ पर है। नक्सलियों पर जवान भारी पड़ रहे हैं और नक्सली अपना सुरक्षित ठिकाना ढूंढ रहे हैं। प्रदेश के बॉर्डर के महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के इलाकों में नक्सली पहुंच सकते हैं। इस भनक के बाद कबीरधाम पुलिस भी अब सख्त हो गई है। नक्सलियों की धर पकड़ के लिए एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने एक बड़ी घोषणा करते हुए सूचना देने वालों को 5 लाख रूपये का इनाम और पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है।

दरअसल छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद नक्सलियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई चल रही है। चुनावी सभा में गृहमंत्री ने भी छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाए का ऐलान कर दिया है। इस बीच कबीरधाम पुलिस ने भी एक अनोखी पहल करते हुए नक्सलियों की सूचना देने वालों को 5 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। इसके लिए जगह-जगह पर्चे भेजे रहे हैं। जिले के नक्सल प्रभावित बॉर्डर के गांवों में 35,000 लोगों के मोबाइल पर इसका मैसेज भी पुलिस ने भेजा है। मैसेज में कहा गया है कि नक्सलियों की सूचना देने, सरेंडर करवाने और एनकांउटर में नक्सली के मारे जाने पर सूचना देने वाले को 5 लाख रुपये का इनाम तुरंत दिया जाएगा। साथ ही पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी दी जाएगी। एसपी के इस ऐलान की चर्चा प्रदेश में जोरों पर हो रही है।

एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि जिला को नक्सल मुक्त बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नक्सलियों की सूचना देने वालों को 5 लाख रुपये का इनामी तुरंत दिया जाएगा। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस घोषणा का ग्रामीणों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। बॉर्डर इलाकों पर कैम्प खोले जा रहे हैं। बस्तर में नक्सलियों के खिलाफहो रही कार्रवाई के बाद नक्सली नए ठिकानें खोज रहे हैं। अभी जिले में 17 इनामी नक्सली हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही कबीरधाम को पूरी तरह से नक्सलमुक्त कर दिया जाए।

इसके पहले पुलिस ने इलाके के नक्सलियों की सूची जारी की है। क्षेत्र में 2 लाख रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक के कुल 17 इनामी नक्सली हैं। इसके पहले यहां नक्सलियों की संख्या 21 थी। लेकिन 5 नक्सलियों को पुलिस ने हालही में मार गिराया है। इन इनामी नक्सलियों की सूची को गांव- गांव में चस्पा किया गया है। बता दें कि एसपी डॉ पल्लव ने दंतेवाड़ा पोस्टिंग के दौरान नक्सलियों के सरेंडर के लिए लोन वर्राटू यानी घर वापसी अभियान चलाया था। इस अभियान को सफलता भी मिली है। 3 सालों में 800 से ज्यादा नक्सलियों ने सरेंडर किया है, इनमें कई ईनामी नक्सली भी हैं। अब भी ये अभियान दंतेवाड़ा में चल रहा है। अब नक्सलियों के खात्मे के लिए कबीरधाम में एसपी की ये पहल भी काफी चर्चा का विषय बनी हुई है।



### भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने दाखिल किया नामांकन, नामांकन रैली में जुटे हजारों समर्थक

भिलाई। लोकसभा चुनाव के तहत दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भिलाई जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, दुर्ग अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले विजय बघेल ने दुर्ग में नामांकन रैली निकाली जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आम लोग शामिल हुए।

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ
- दीपक रंजन दास

बिलासपुर पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर 11 आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इन सभी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) एवं आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसकी सूचना राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा पुलिस को उपलब्ध कराई गई थी। इधर, पिछले कुछ समय से अबोध बच्चियों पर यौन हमलों की खबरें लगातार आ रही हैं। हवस का शिकार होने वाली इन बच्चियों में 2 साल या उससे भी कम उम्र की बच्चियां तक शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से एक बिल्हा सरकारी स्कूल का व्याख्याता है। इन सभी पर छोटे बच्चों से जुड़ी अश्लील तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप हैं। चाइल्ड पोर्नोग्राफी को लेकर देश में सख्त कानून हैं। इंटरनेट सर्च इंजन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री को सर्च नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके न केवल लोग ऐसी सामग्री ढूंढ रहे हैं, बल्कि उसे डाउनलोड भी कर रहे हैं। कुछ लोग ऐसा कंटेन्ट क्रिएट भी कर रहे हैं और उन्हें अपलोड भी कर रहे हैं। ऐसे कई व्हाट्सअप ग्रुप हैं जिसपर तरह-तरह की अश्लील सामग्री को साझा किया जा रहा है। इस मामले में दिलचस्प यह है कि मद्रास हाईकोर्ट ने जनवरी 2024 में एक राय दी थी। कोर्ट ने कहा था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को सर्च या डाउनलोग करना पोक्सो के तहत अपराध नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि लोग ऐसा गुप्त रूप से करते हैं जिससे किसी और पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इस फैसले को बाद में सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया था। मार्च महीने में मुख्य न्यायाधीश ने इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा था कि पोक्सो एक्ट में ऐसे घृणित कार्यों के खिलाफ सख्त प्रावधान हैं। ऐसे में हाईकोर्ट ऐसी टिप्पणी कैसे कर सकता है। छोटे बच्चों के साथ यौन दुर्व्यवहार की ये घटनाएं कोई नई नहीं हैं। इनमें से अधिकांश मामलों में परिवार के करीबी या स्वयं परिवार के लोग ही शामिल होते हैं। ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ही पुलिस और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने 'गुड-टच और बैड-टच' के प्रति बच्चों और उनके माता-पिता को आगाह करने का एक अभियान चलाया हुआ है। देश में पोर्नोग्राफिक कंटेन्ट तलाशने पर बैन है। सरकार ने कई पोर्न वेबसाइटों को प्रतिबंधित किया हुआ है। पर हकीकत इससे जुदा है। लगभग सभी पोर्न वेबसाइट नाम बदलकर भारतीय यूजर्स को सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं। साल 2018 में विश्व की नम्बर एक पोर्न वेबसाइट ने एक डाटा शेयर किया था। इसके मुताबिक अमेरिका और ब्रिटेन के बाद सर्वाधिक पोर्न देखने वाले इंडिया में हैं। लगातार पोर्न देखने वाले मानसिक रूप से अस्वस्थ हो जाते हैं। इनसे पूरे समाज को खतरा होता है। किन्तु, मानसिक स्वास्थ्य को देश ने कभी गंभीरता से लिया ही नहीं। फिलहाल वह किसी और काम में बिजी है।




## संपादकीय

# काली खांसी

काली खांसी के प्रकोप ने दुनिया के अनेक देशों के स्वास्थ्य अधिकारियों को चिंता में डाल दिया है। चीन में हुई कई मौतों के अलावा, अमेरिका, ब्रिटेन, फिलीपींस, चेक गणराज्य और नीदरलैंड में भी ज्यादा मामले सामने आए हैं। बच्चों और शिशुओं में विशेष रूप से काली खांसी का खतरा ज्यादा दिख रहा है। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति चीन में है।

चीन में 2024 के पहले दो महीनों में 32,380 मामलों के साथ कम से कम 13 मौतें हुई हैं। वहां एक साल पहले की तुलना में 20 गुना ज्यादा मामले सामने आए हैं। हालांकि, चीन में काली खांसी से हालात कुछ ज्यादा खराब होने की आशंका है। यह ध्यान रखने की बात है कि चीन अपनी बीमारियों को छिपाने की कोशिश करता है, यह हम अतीत में देख चुके हैं। काली खांसी एक अत्यधिक संक्रामक जीवाणु संक्रमण है, जो बोर्डेटेला पर्टुसिस बैक्टीरिया की वजह से होता है और छोटे बच्चों में ज्यादा आसानी से फैलता है। संक्रमण मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने के दौरान निकलने वाली श्वसन बूंदों के माध्यम से होता है। काली खांसी में बुखार, छींक आने, आंखों और नाक से पानी निकलने व सूखी खांसी की शिकायतें होती हैं। वैसे तो काली खांसी के उपचार का एक माध्यम टीकाकरण है। तीन खुराक लेने की जरूरत पड़ती है। अब सवाल यह उठता है कि जब काली खांसी की दवा मौजूद है, तब चीन में इससे लोगों की मौत क्यों हुई है? जिनकी मौत हुई है, उनके इतिहास को देखने की जरूरत है। क्या पहले से बीमार लोगों को काली खांसी की वजह से ज्यादा तकलीफ हो रही है? मरने वालों में क्या केवल बच्चे हैं या बड़ी उम्र के लोगों की भी जान गई है? यथोचित दवा के बावजूद अगर मौत हो रही है, तो यह बड़े पैमाने पर सोचने वाली बात है। आखिर चीन में संक्रमण वाली बीमारियां क्यों घातक रूप अख्तियार कर ले रही हैं? क्या चीन में लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर हो गई है? क्या काली खांसी का पूरी तरह अंत किया जा सकता है? इस खांसी ने ऐसे अनेक सवाल पैदा कर दिए हैं। जब कोई खांसी लंबे समय तक ठीक नहीं हो रही है, तो विशेष रूप से सावधान हो जाना समय की मांग है। चिकित्सकों को इसके सभी आंकड़ों का अध्ययन करना चाहिए। जिनकी मौत हुई है, क्या उनको यथोचित टीके लगे थे? चीन के अलावा अमेरिका और ब्रिटेन, जैसे ज्यादा पारदर्शी देशों को इस बीमारी के प्रति ज्यादा सचेत रहना होगा। इधर, भारत में गरमियों की शुरुआत हो चुकी है और साफ-सफाई रखना एक बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही जगह-जगह वातानुकूलित व्यवस्था होने की वजह से भी ऐसी बीमारियों के संक्रमण को बल मिलेगा। कोरोना वायरस जब फैला था, तब भी चिकित्सक खुले में ज्यादा रहने और भीड़ भरे बंद कमरे में न रहने की सलाह देते थे। वही सावधानी अब काली खांसी में बरतने की सलाह देनी चाहिए। हाथ व शरीर की स्वच्छता और यदि बच्चा छींक या खांस रहा है, तो उसके व अपने मुंह पर मास्का लगाना चाहिए। वातानुकूलित कमरों में रहना चूंकि मजबूरी है, इसलिए हमें स्वच्छता पर ज्यादा ध्यान देना होगा और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के पर्याप्त उपाय रखने पड़ेंगे। सांस के मरीजों के फेफड़ों में संक्रमण (निमोनिया), दिल और दिमाग पर असर हो सकता है। सभी सरकारी व निजी अस्पतालों को जरूरी टीकों के साथ अपने मोरचे पर पूरी तैयारी रखनी चाहिए।

## पैसों की हवस के आगे इंसान...

ऋतुपर्ण दवे

पैसों की हवस के आगे इंसान इतना गिर जाए कि जिंदा इंसानों के शरीर के अंग बेचने लग जाए? भला कौन विस करेगा कि यह भी अब उन कुछ वहशियों का कारोबारी हिस्सा है, जो बाकयदा गैंग बनाकर, सुनियोजित तरीके से लगे हुए हैं। हैरानी तब ज्यादा होती है जब इसमें देवालय सदृश्य अस्पतालों के बड़े-बड़े रुतबेदार और ओहदेदार भी हिस्सेदार होते हैं। इस अवैध धंधे ने बहुत गहरी जड़ें कम समय में ऐसी जमा ली हैं कि धंधेबाज सरकार और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं।

भारत में भी सीमा पार तक से गुपचुप तरीके से स्वस्थ लोगों के अंगों को खरीदने-बेचने का सिलसिला तेजी से पनप रहा है। इत्तेफाक से कोई मामला सामने आता है तो उसकी जड़ों तक पहुंचता जांच दल हक्का-बक्का रह जाता है। कैसे, कितनी सफाई से आंखों में धूल झोंक, इतना बड़ा कांड होता रहा और भनक तक नहीं लगी? बीते हफ्ते बांग्लादेश से बुलाकर जयपुर में अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट करवाने वाले गिरोह का गुरु ग्राम में भांडाफोड़ हुआ। छापेमारी में किडनी ट्रांसप्लांट करा चुके और कराने वाले डोनर, मरीज सहित 4 लोग हत्थे चढ़े।

इनसे खुलासा हुआ कि मरीजों से 10-12 लाख रु पये वसूले जाते, जबकि डोनर को महज दो लाख बांग्लादेशी टका पकड़ाते। पकड़ाए बांग्लादेशी किडनी डोनर शमीम ने हैरान कर देने वाली जानकारी दी। उसने फेसबुक पर किडनी डोनेट करने का विज्ञापन देखकर भारत में मुर्तजा से संपर्क साधा। उसके कई मेडिकल टेस्ट हुए। उसे कोलकाता के मेडिकल वीजा पर गुरु ग्राम में रु कवाया गया। आधार और दूसरे कई फर्जी कागज बने। पता चला कि गुरु ग्राम का बड़ा अस्पताल देख इनके जाल में लोग फंस जाते। बाद में इसी अस्पताल की जयपुर ब्रांच में ट्रांसप्लांटेशन का खेल होता। मुर्तजा झारखंड का है। लंबे समय से इस धंधे में लिप्त है।

फरवरी, 2019 में कानपुर पुलिस ने एक बड़े किडनी-लीवर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरोह गरीब को फंसाता और दिल्ली में किडनी बिकवाता। छह लोगों गिरफ्तार हुए जिनके तार न केवल कानपुर से दिल्ली, नोएडा, बल्कि विदेशों से भी जुड़े निकले। गिरोह किडनी बेचने वाले मजबूर को 3-5 लाख रुपये बमुश्किल देता वहीं जरूरतमंद से 30 लाख रुपये से भी ज्यादा वसूलता। जांच में खुलासा हुआ कि गैंग का सरगना टीआरके राव 2016 में अपोलो हॉस्पिटल किडनी कांड में जेल जा चुका है। विडंबना कहें या कानून से बेखौफ निर्लज्जता जेल से बाहर आते ही फिर इसी गोरखधंधे में लग गया। एक दूसरा आरोपी सबूर 2015 में जालंधर किडनी कांड में जेल जा चुका है।

निश्चित रूप से ऐसी घृणित साजिश और कारोबार के पीछे चंद सफेदपोश मेडिकल प्रोफेसनल और उनका गिरोह होता है। ये इस पवित्र पेशे में आते वक्त हिप्पोक्रेटिक शपथ लेकर अपने चिकित्सकीय पेशे अनुरूप सेवा, कार्य और न्याय की शपथ लेते हैं। लेकिन अवैध कमाई के लालच में सब कुछ भूल, दैत्य और नरपिशाच सा काम करने लगते हैं। हमारे कानून में अंग प्रत्यारोपण और दान की तो इजाजत है लेकिन अवैध खरीद-फरोख्त की कतई नहीं। मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 में जीवित और मृत मस्तिष्क वाले दानदाता को इसकी इजाजत है। 2011 में अधिनियम में संशोधन कर, मानव ऊतकों यानी टिश्यू दान को भी शामिल किया गया।

भारत में मानव अंगों के गैर-कानूनी कारोबार पर 5 से 10 साल तक की कैद और 20 लाख से 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है जबकि मानव ऊतक के धंधे पर एक से तीन साल की कैद और 5 से 25 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इतने सख्त कानून के बावजूद धड़ल्ले से मानव अंगों की खरीद-फरोख्त चिंताजनक है। ग्लोबल फाइनेंशियल इंटीग्रिटी (जीएफआई) के अनुसार विश्व में अंग तस्करी में किडनी की मांग सर्वाधिक है। जितने अंग प्रत्यारोपण होते हैं, उसमें 10 प्रतिशत तस्करी से होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि सालाना 10,000 किडनियों की तस्करी होती है अर्थात हर घंटे एक या उससे भी अधिक। भारत में भी आंकड़ा बड़ा होगा।

अवैध अंग प्रत्यारोपण गैंगस्टर जैसा अपराध है। इसमें शामिल चिकित्सकीय पेशेवर 0.1 प्रतिशत से भी कम होंगे जो शेष पर भारी पड़ रहे हैं। इसे रोकने का सामर्थ्य कानून से ज्यादा पेशे से जुड़े शेष प्रोफेसनल्स में है। वही बेलगाम होते इस धंधे की परतें उधेड़ सकते हैं। बस जरूरत है कि इनकी सुरक्षा, गोपनीयता बनाए रखने के साथ मान-सम्मान को बरकरार रखा जाए ताकि ऐसे लोग स्वयमेव आगे आएं।

**नजरिया**

“ बेंगलुरु में भीषण पेयजल संकट पिछले कुछ दिनों से अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां बन रहा है। हाल ही में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि बेंगलुरु को हर दिन 500 मिलियन लीटर पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो शहर की कुल दैनिक मांग का लगभग पांचवा हिस्सा है।

# पानी के संकट से जूझते लोग

विनीत नारायण

हालांकि, पानी की कमी केवल बेंगलुरु तक ही सीमित नहीं है। संपूर्ण कर्नाटक के साथ ही तेलंगाना और महाराष्ट्र के निकटवर्ती क्षेत्र भी पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसका अधिकांश संबंध पिछले एक वर्ष में इस क्षेत्र में सामान्य से कम वष्रा और इस क्षेत्र में भूमिगत जलभृतों की प्रकृति से है।

अरबों-खरबों रुपया जल संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन पर आजादी के बाद खर्च किया जा चुका है। बावजूद हालात ये हैं कि भारत के सर्वाधिक वर्षा वाले क्षेत्र चेरापूंजी (मेघालय) तक में पीने के पानी का संकट है। कभी श्रीनगर (कश्मीर) बाढ़ से तबाह होता है, कभी मुंबई और गुजरात के शहर और बिहार-बंगाल का तो कहना ही क्या। हर मानसून में वहां बरसात का पानी भारी तबाही मचाता है। दरअसल, सारा संकट पानी के प्रबंधन की आयातित तकनीक अपनाने के कारण हुआ है वरना भारत का पारंपरिक ज्ञान जल संग्रह के बारे में इतना वैज्ञानिक था कि यहां पानी का कोई संकट ही नहीं था। पारंपरिक ज्ञान के चलते अपने जल से हम स्वस्थ रहते थे।

हमारी फसल और पशु सब स्वस्थ थे। पौराणिक ग्रंथ 'हरित संहिता' में 36 तरह के जल का वर्णन आता है जिसमें वर्षा के जल को पीने के लिए सर्वोत्तम बताया गया है, और जमीन के भीतर के जल को सबसे निकृष्ट यानी 36 के अंक में इसका स्थान 35वां आता है। 36वें स्थान पर दरिया का जल बताया गया है। दुर्भाग्य देखिए, आज लगभग पूरा भारत जमीन के अंदर से खींचकर ही पानी पी रहा है जिसके अनेक नुकसान सामने आ रहे हैं। पहला तो इस पानी में फ्लोराइड की मात्रा तय सीमा से कहीं ज्यादा होती है, जो अनेक रोगों का कारण बनती है। इससे खेतों की उर्वरता घटती जा रही है, और खेत की जमीन क्षारीय होती जा रही है।

लाखों हेक्टेयर जमीन हर वर्ष भूजल के अविवेकपूर्ण दोहन के कारण क्षारीय बन खेती के लिए अनुपयुक्त हो चुकी है। दूसरी तरफ बेदर्दी से पानी खींचने के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे घटता जा रहा है। हमारे बचपन में हैंडपंप को बिना बोरिंग किए कहीं भी गाढ़ दो, तो 10 फीट नीचे से पानी निकल आता था जो आज सैकड़ों फीट नीचे चला गया। भविष्य में वो दिन भी आएगा, जब एक गिलास पानी 1000 रुपये का बिकेगा क्योंकि इसे रोका न गया तो इस तरह तो भूजल स्तर हर वर्ष तेजी से गिरता चला जाएगा। आधुनिक वैज्ञानिक और नागरीय सुविधाओं के विशेषज्ञ दावा करते हैं कि केंद्रीकृत टंकियों से पाइपों के जरिए भेजा गया पानी ही सबसे सुरक्षित होता है पर यह दावा अपने आप में जनता के साथ धोखा है। इसके कई प्रमाण मौजूद हैं जबकि वर्षा का जल जब कुंडों, कुंओं, पोखरों, दरियाओं और नदियों में आता था, तो सबसे ज्यादा शुद्ध होता था। इन सबके भर जाने से भूजल का स्तर भी ऊंचा बना रहता था।

जमीन में नमी रहती थी। उससे प्राकृतिक रूप में फल, फूल, सब्जी और अनाज भरपूर मात्रा में और उच्च कोटि के पैदा होते थे पर बोरवेल लगाकर भूजल के इस पाकि दोहन ने ये सारी व्यवस्थाएं नष्ट कर दीं। पोखर और कुंड सूख गए क्योंकि उनके जल संग्रह क्षेत्रों पर भवन निर्माण कर लिए गए हैं। वृक्ष काट दिए गए जिससे बादलों का बनना कम हो गया। नदियों और दरियाओं में औद्योगिक और रासायनिक कचरा और सीवरलाइन का गंदा पानी बिना रोक-टोक हर शहर में खुलेआम डाला जा रहा है जिससे नदियां मृत हो चुकी हैं। इसलिए देश में लगातार जल का संकट बढ़ता जा रहा है। जल का यह संकट आधुनिक विकास के कारण पूरी पृथ्वी पर फैल चुका है। वैसे तो हमारी पृथ्वी का 70 फीसद हिस्सा जल से भरा है पर इसका 97.3 फीसद जल खारा है। मीठा जल कुल 2.7 फीसद है जिसमें से केवल 22.5 फीसद जमीन पर है, शेष ध्रुवीय क्षेत्रों में। इस उपलब्ध जल का 60 फीसद खेत और कारखानों में खप जाता है, शेष हमारे उपयोग में आता है यानी दुनिया में उपलब्ध 2.7 फीसद मीठे जल का भी केवल एक फीसद हमारे लिए उपलब्ध है, और उसका भी संचय-प्रबंधन विवेक से न करके हम उसका भारी दुरुपयोग कर रहे हैं, और उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

अनुमान लगाया जा सकता है कि हम अपने लिए कितनी बड़ी खाई खोद रहे हैं। जल संचय-संरक्षण को लेकर आधुनिक विकास मॉडल के विपरीत जाकर वैदिक संस्कृति के अनुरूप नीति बनानी पड़ेगी। तभी हमारा जल, जंगल, जमीन बच पाएगा वरना तो ऐसी भयावह स्थिति आने वाली है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। जो ठोकर खा कर संभल जाए उसे अक्लमंद मानना चाहिए। पर जो ठोकर खाकर भी न संभले और बार-बार मुंह के बल गिरता रहे, उसे महामूर्ख या नशेड़ी समझना चाहिए। हिन्दुस्तान के शहरों में रहने वाले हम लोग दूसरी श्रेणी में आते हैं। हम देख रहे हैं कि हर दिन पानी की किल्लत बढ़ती जा रही है। यह भी देख रहे हैं कि जमीन के अंदर पानी का स्तर घटता जा रहा है। हम अपने शहर और कस्बों में तालाबों को सूखते हुए भी देख रहे हैं। अड़ौस-पड़ौस के हरे-भरे पेड़ों को गायब होता भी देख रहे हैं। पर ये सब देख कर भी मौन हैं। जब नल में पानी नहीं आता तब घर की सारी व्यवस्था चरमरा जाती है। बच्चे स्कूल जाने को खड़े हैं, और नहाने को पानी नहीं है। नहाना और कपड़े धोना तो दूर पीने के पानी तक का संकट बढ़ता जा रहा है। जो पानी मिल भी रहा है, उसमें तमाम तरह के जानलेवा रासायनिक मिले हैं।

ये रासायनिक कीटनाशक दवाइयों और खाद के रिस कर जमीन में जाने के कारण पानी के स्रोतों में घुल गए हैं। अगर यूं कहा जाए कि चारों तरफ से आफत के पास आते खतरे को देख कर भी हम बेखबर हैं, तो अतिश्योक्ति न होगी। पानी का संकट इतना बड़ा हो गया है कि कई टीवी चैनलों ने देश के कोने-कोने का समाचार नियमित देना शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हमने का ढर्रा नहीं बदला, तो आने वाले वर्षों में पानी के संकट से जूझते लोगों के बीच हिंसा बढ़ना आम बात होगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# जब जंग में सीधे उतर आया ईरान

अश्विनी महापात्र, प्रोफेसर, जेएनयू

ईरान ने आखिर इजरायल पर हमला कर ही दिया। इसकी आशंका विगत सप्ताह से जताई जा रही थी और इसके साथ ही पहले से जारी युद्धों से दुखी लोगों की दुनिया में चिंता की एक नई लहर दौड़ गई है। छह महीने से जारी हमास-इजरायल की घातक जंग में हजारों लोग मारे गए हैं और अब अगर ईरान के मोर्चे पर भी जंग छिड़ती है, तो न जाने कितने लोग मारे जाएंगे? आखिर ईरान को युद्ध में सीधे कूदने की जरूरत क्यों पड़ी? ईरान और इजरायल के बीच वैसे भी भौगोलिक दूरी ज्यादा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच तनातनी को समझने के लिए 1979 में हुई ईरान की क्रांति को समझना पड़ेगा। ईरान में तब इस्लाम के नाम पर क्रांति हुई थी। ईरान की बुनियाद वैचारिक है, इस्लाम आधारित है। वह पूरी मुस्लिम दुनिया का नेतृत्व करना चाहता है, पर शिया-सुन्नी का भेद बाधा है। सुन्नी मत की प्रधानता वाले मुस्लिम देश शिया ईरान को नेतृत्व के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। ईरान में इस्लाम के नाम पर हुई क्रांति के बाद अयातुल्लाह खुमैनी ने जब सत्ता संभाली थी, तब उन्होंने सऊदी अरब के साथ विवाद शुरू कर दिया था। मक्का-मदीना पर कब्जे का मनसूबा था, मगर कामयाब नहीं हो पाए। ईरान जब सऊदी अरब को झुका या मना नहीं सका, तब उसने अपने प्लान-बी को आजमाया। ईरान के लिए यह आसान था कि वह इजरायल का विरोध करे और फलस्तीन का समर्थन। ध्यान रहे, ईरान इस पूरे क्षेत्र में अकेला देश है, जो येरुशलम दिवस मनाता है। फलस्तीन का समर्थन करने के लिए इजरायल का विरोध करना ईरान की उस इस्लामी रणनीति का हिस्सा है, जिस पर वह विगत चार दशक से चल रहा है।

मतलब, ईरान के लिए इजरायल कोई भू-रणनीतिक आधार या नजरिया नहीं है, उसका विरोध सिर्फ संप्रदाय आधारित है। विडंबना देखिए, साल 1979 से पहले जब ईरान में शाह शासन था, तब ईरान-इजरायल की दोस्ती थी। दोनों देश अमेरिका के करीबी थे, मगर जब ईरान में इस्लामी क्रांति हुई, तो सब कुछ बदल गया। अरब दुनिया की कूटनीति और राजनीति भी बदल गई। इजरायल का विरोध करना ईरान के लिए मानो बाध्यता हो गई है, अब वह इजरायल के विरोध में अपने लिए वैधता या मान्यता तलाशता है।

खैर, अब जब ईरान ने हमला कर दिया है, तब भी बड़ी संख्या में ऐसे लोग वहां होंगे, जो नहीं चाहेंगे कि संघर्ष या युद्ध बढ़े। सच है कि इजरायल के खिलाफ लड़ने वाले आतंकी संगठनों को ईरान से मदद मिलती रही है। वह आतंकियों को हथियार भी देता रहा है और प्रशिक्षण भी। हमास और हिज्बुल्लाह को ईरान के जरिये करीब 25 साल से मदद मिलती रही है। हिंसा बढ़ते-बढ़ते, हालात बिगड़ते-बिगड़ते और खासतौर पर 7 अक्तूबर के बाद अब ऐसी नौबत आ गई है कि ईरान को सीधे हमला करना पड़ा है। जब हमास ने इजरायल पर खूंखार ढंग से हमला किया था, तभी इजरायल ने साफ कर दिया था कि आतंकी संगठनों को ईरान का संरक्षण मिल रहा है। ऐसे में, इजरायल भला क्यों नहीं चाहेगा कि वह ईरान को कमजोर करे? यह भी एक कारण है कि इजरायल शुरू से ही ईरान के परमाणु कार्यक्रम का विरोध करता रहता है। खासकर साल 2002 में जब ईरानी परमाणु कार्यक्रम सबके सामने आ गया, तब से इजरायल और अमेरिका, दोनों ईरान का विरोध करते आ रहे हैं। ईरान और इजरायल के बीच कोई भौगोलिक दुश्मनी नहीं है, पर एक-दूसरे का विरोध करते नौबत जंग तक पहुंच गई है। अब सवाल यह है कि आगे क्या होगा? शायद ईरान भी नहीं चाहेगा कि पूरे क्षेत्र में संघर्ष फैले। अमेरिका भी यह नहीं चाहेगा, इसलिए अमेरिका ने इजरायल से कहा है कि वह उसे अपनी जवाबी रणनीति के बारे में बताए। जरूरी नहीं कि इजरायल बात मान जाए, पर अमेरिका में ऐसे लोग हैं, जो कह रहे हैं कि हम इजरायल की जवाबी कार्रवाई का समर्थन नहीं करेंगे। फिर भी मुझे लगता है कि इजरायल आने वाले दिनों में ईरान के खिलाफ कुछ न कुछ जरूर करेगा। हो सकता है, आगे बड़ा हमला नहीं हो। वास्तव में, अभी कोई देश नहीं चाहता कि एशिया के व्यापक हिस्से में बड़े पैमाने पर युद्ध छिड़ जाए, क्योंकि अगर बड़ा युद्ध छिड़ता है, तो फ्रि फ्रांस, जर्मनी, रूस जैसे देश भी उसमें कूद पड़ेंगे। ज्यादा संभावना यही है कि दोनों देशों के बीच भले समझौता न हो, मगर दोनों को युद्ध विराम के लिए तैयार कर लिया जाएगा। गौर करने की बात है कि जितनी मिसाइलें ईरान के पास हैं, उनसे ज्यादा उन्नत इजरायल के पास हैं। ईरान के लिए भी युद्ध आसान नहीं है। अभी बताया जा रहा है कि ताजा हमले में उसने करीब 300 मिसाइलें दागी हैं, जिनमें से 99 फीसदी को इजरायल ने अपनी बेहतर तकनीक से नाकाम कर दिया है। ईरान भी किसी बड़ी जंग के पक्ष में नहीं होगा, क्योंकि वहां जो सरकार है, उसकी लोकप्रियता काफी घट गई है। युवा पीढ़ी मुल्ला-सियासत का विरोध कर रही है।

ताजा घटनाक्रम का एक पहलू यह भी है कि ईरान ने एक ऐसे कार्गो जहाज को रोक लिया है, जिस पर भारतीयों के साथ-साथ रूसी भी सवार हैं। अगर ईरान अपने नियंत्रण वाले समुद्री मार्ग पर पाबंदियां जारी रखता है, तो इससे पूरी दुनिया प्रभावित होगी। ओमान और फारस की खाड़ियों को जोड़ने वाले इस होर्मूज जलडमरूमध्य या समुद्री मार्ग से संसार का करीब 33 प्रतिशत तेल गुजरता है, वहीं से संसार का करीब 25 प्रतिशत प्राकृतिक गैस भी जाता है। ईरान चाहे, तो इस मार्ग को बंद रख सकता है, पर इससे उसके लिए भी मुश्किलें बढ़ेंगी। ईरान को यहां समझदारी का परिचय देना होगा। जरूरत से ज्यादा दुश्मनी ठीक नहीं। ध्यान रहे, अमेरिका में यह चुनावी वर्ष है। रूस पहले ही एक युद्ध में लगा है। अरब देशों के लिए भी फैसला आसान नहीं है। बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन भी होंगे और चीन भी आर्थिक नुकसान नहीं चाहेगा, अतः किसी बड़े युद्ध की आशंका कम ही है। जहां तक भारत का सवाल है। ईरान के साथ हमारा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक संबंध रहा है, पर इधर के दस वर्षों में इजरायल हमारा बेहतर रणनीतिक सहयोगी बनकर उभरा है। ऐसे में, युद्ध का विरोध ही भारत के हित में है। किसी भी एक पक्ष में झुकने से हमें बचना होगा। ईरान की घनिष्ठता चीन से बढ़ गई है। चीन अब ईरान का बड़ा सहयोगी बनकर उभरा है। ऐसे में, चीन सहित तमाम विकसित व प्रभावशाली देशों को यह कोशिश करनी चाहिए कि नया युद्ध न भड़के। ईरान और इजरायल, दोनों को ही इंसानियत और ज्यादा समझदारी का परिचय देना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## सीएम ममता का हास्यास्पद तर्क

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) टीम पर हमले और फिर एफआईआर, चोरी और सीनाजोरी का मामला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार की नजर में कोई भी केंद्रीय जांच एजेंसी, एनआईए, ईडी या सीबीआई हो, वे सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निजी एजेंसियां हैं। इनका इस्तेमाल वे सूबे की सत्ता हासिल करने में करते हैं।

लिहाजा, तृणमूल कांग्रेस (तृमूकां) ने निर्वाचन आयोग से मिलकर अनुरोध किया है कि वह भाजपा का चुनावी हित साधने में जांच एजेंसियों के दुरु पयोग रोके। तृमूकां का वहां अपनी बात रखने और उस पर उचित कार्रवाई की आशा का पूरा अधिकार है।

पर अंधाधुंध विरोध में ममता इस बात को भूल जाती हैं कि वे केवल तृमूकां की अभियानी नेता भर नहीं हैं। वे मुख्यमंत्री जैसे एक संवैधानिक पद पर हैं, जिसका काम प्रदेश के साथ राष्ट्रीय एकता, सम्प्रभुता और अखंडता की रक्षा का भी है। यह तभी हो सकता है कि जब राज्य एवं संघ के कर्तव्यों का पालन किया जाए। पहले ईडी और अब एनआईए मामले में ऐसा नहीं हुआ है। एनआईए की टीम 2022 के एक आतंकवादी मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने पहुंची थी, उस पर उनके समर्थकों, जिन्हें कांग्रेस नेता अधीर रंजन 'दीदी के गुंडे' कहते हैं, ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री एनआई टीम की कार्रवाई का सपोर्ट करने, उसे पुलिस सुरक्षा देने और हमलावरों की गिरफ्तारी का निर्देश देने के बजाय हास्यास्पद तर्क दे रही हैं।

ममता मुख्यमंत्री हैं, उनके अधीन पुलिस समेत राज्य की कई जांच एजेंसियां हैं, जिनकी रात की रेड एक रूटीन-वर्क है। इसी बिना पर एनआईए की रेड का विरोध गैरजिम्मेदाराना है। ममता यह भी जानती हैं कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गई कोई भी टीम, अगर वह पुलिस से अभिरक्षित नहीं है तो गुस्साए परिजनों के हमले का खुला द्वार होती है। बदसलूकी का उस पर इल्जाम तो मामूली बात है जबकि यह कानूनी कार्रवाई में बाधा डालने और अफसरों पर हमले का मामला था, जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ममता क्या बताएंगी कि संदेशखालि का मामला इतनी ही फुर्ती से क्यों दर्ज नहीं हो सका था? दरअसल, एनआईए प्रकरण से ममता सरकार में संरक्षित आतंकवाद की फिर पोल-पट्टी खुल गई है। ऐसा करके वे चंद वोटों को ही गारंटिड कर सकी हैं। उसी समुदाय के अधिकतर लोगों एवं सूबे का भरोसा हार गई हैं, जिनकी कामना आतंकवाद-मुक्त शांतिपूर्ण-सहअस्तित्व की है।

**( लेख का स्त्रोत आरएनएस हैं )**

# महामारी बनते कैंसर को मात देने की रणनीति बने

डॉ अंशुमान

बीते एक दशक से अधिक समय से मेरा यह कहना रहा है कि भारत 2025 तक कैंसर की वैश्विक राजधानी बन जायेगा। चार साल पहले आयी एक अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत कैंसर का सबसे बड़ा केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। अभी आयी अपोलो की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया की कैंसर राजधानी बन रहा है। सच यही है। अनेक लोग मानते हैं कि कैंसर की जांच अधिक होने लगी है, इसलिए अधिक मामले सामने आने लगे हैं, लेकिन संख्या में वृद्धि का यह चौथा कारण है। पहला कारण यही है कि कैंसर के नये मामले बड़ी संख्या में आ रहे हैं।

दूसरी स्थिति यह है कि पहले अधिक आयु में, 60-65 साल के बाद, कैंसर होने के मामले आते थे, पर अब कम आयु में भी यह बीमारी होने लगी है। तीसरा बदलाव यह है कि पहले कुछ प्रकार के कैंसर के बारे में माना जाता था कि यह शहर में होता है, जैसे महिलाओं में स्तन कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, पर अब ऐसा ग्रामीण महिलाओं में भी हो रहा है। स्पष्ट है कि शहरी जीवनशैली गांवों में भी पसर गयी, जिसका नतीजा हम देख रहे हैं।

भारत में महिलाओं में सर्विक्स कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) अधिक है। अगर हम दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों की बात करें, तो सबसे अधिक स्तन कैंसर के मामले हैं और उसके बाद सर्वाइकल कैंसर आता है। मतलब सर्विक्स और स्तन कैंसर के मामले सबसे अधिक हैं। उत्तर भारत, खासकर गंगा बेल्ट, में महिलाओं में गॉल ब्लाडर (पित्त की शैली) का कैंसर बहुत सामान्य है। आप कानपुर से नीचे पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार होते हुए पश्चिम बंगाल में चौबीस परगना तक चले जाएं, यह कैंसर इतना ज्यादा है कि पूरी दुनिया हैरत में है कि यह हो क्या रहा है। इसकी बड़ी वजह गंगा में बहाये जाने वाले खतरनाक औद्योगिक अपशिष्ट हैं। इस संबंध में नियम तो हैं, पर उनकी परवाह किसी को नहीं है और सारा कचरा गंगा नदी में प्रवाहित किया जाता है। यह कचरा खाद्य पदार्थों के माध्यम से शरीर में पहुंचता है। इस क्षेत्र में चने का इस्तेमाल खूब होता है। अगर चने का रखरखाव ठीक से नहीं होता, तो उसमें एक फंगस लग जाता है, जो कैंसर का



कारण है। तीसरी वजह सरसों का तेल है। जिस सरसों में फंगस लगता है, उसका तेल इस क्षेत्र में अधिक मिलता है।

देश के स्तर पर पुरुषों में फेफड़े का कैंसर अभी बहुत सामान्य हो गया है। उत्तर भारत और गुजरात के सौराष्ट्र के इलाके में मुंह और गले का कैंसर सबसे अधिक है. तीसरे स्थान पर प्रोस्टेट कैंसर है। प्रोस्टेट (गदूद) एक ग्रंथि है, जो पेशाब की थैली के नीचे होती है। मुंह, गले और फेफड़े के कैंसर का मुख्य कारण है तंबाकू- किसी भी रूप में। लेकिन जिन लोगों ने कभी तंबाकू का सेवन नहीं किया है, उनमें फेफड़े के कैंसर के मामले अब बढ़ने लगे हैं। इसका मुख्य कारण वायु प्रदूषण है। चूंकि यह सभी जानते हैं कि तंबाकू और शराब के सेवन से कैंसर होता है, इसलिए उस पर चर्चा करने से कोई नयी सूचना सामने नहीं आयेगी।

यह सोचना भी बहुत जरूरी है कि उन लोगों को कम आयु में कैंसर क्यों हो रहा है, जिन्होंने कभी न तंबाकू लिया और न शराब पिया। लोगों की जीवनशैली अच्छी नहीं है। भोजन ठीक नहीं है। खाने-पीने की चीजें व्यापक तौर पर दूषित हैं। इसकी रोकथाम के लिए जो सरकारी एजेंसियां हैं, वे ठीक से अपना काम नहीं कर रही हैं। उन्हें देखना चाहिए कि खाने-पीने की चीजों में भारी धातु और खतरनाक रसायन तो नहीं हैं। पानी और वायु भी प्रदूषित हैं।

आजकल दुकानों और मॉल से अत्यधिक प्रसंस्करित खाना लेकर और माइक्रोवेव में गर्म कर खाने का चलन बढ़ गया है। ऐसा ही एप-आधारित सुविधाओं से खाना मंगाने का मामला है। ब्राजील के नोवा क्लासिफिकेशन में अत्यधिक प्रसंस्करित खाना को जहर की श्रेणी में रखा गया है। हमें समझना होगा कि तीन प्रकार की रसोई होती हैं। एक होती है भगवान की रसोई, जिसमें प्राकृतिक खाना निकलता है, जिसे हम सीधे खा सकते हैं, जैसे फल, सब्जी, कंद, मूल आदि। यह स्वास्थ्य के लिए बढ़िया है। दूसरा है इंसान की रसोई, जहां हम शुद्ध भारतीय भोजन बनाते हैं। इससे भी हम स्वस्थ रहेंगे। तीसरी रसोई शैतान की रसोई है, जहां से अत्यधिक प्रसंस्करित खाना, जंक फूड, फास्ट फूड, पैक्ड फूड, ड्रिंक आदि निकलते हैं। ऐसे भोजन हमें बीमार बना रहे हैं। ऐसे भोजन से अत्यधिक शुगर पैदा होता है, जो कैंसर का कारण है। प्लास्टिक, टेट्रा आदि में पैक हुए भोजन से बीस्फेनॉल, थैलेक्स आदि निकलते हैं, जो कैंसर का कारक बनते हैं। सोने-जागने, खाने-पीने की अनियमितता से माइटोकॉन्ड्रियल इंज्यूरी होती है, जो एक समय के बाद कैंसर की वजह बन सकती है। ब्रिटेन के एक अध्ययन- नर्सेज स्टडी- का निष्कर्ष है कि जो लोग रात की ड्यूटी करते हैं, उनमें स्तन कैंसर का खतरा बढ़ा है। अभी सबसे जरूरी है कि लोग अपनी जीवनशैली पर ध्यान दें, ताकि कैंसर हो ही नहीं। यदि शरीर में कोई भी असामान्य लक्षण दिखे, तो चिकित्सक के पास जाना चाहिए और उन्हें यह भी कहना चाहिए कि वे कैंसर की स्क्रीनिंग भी कर लें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### 98 की उम्र में दिखा 18 का जज्बा डाक मतपत्र से वोट करके नोहरू राम की खिलीं बांछें

**कांकेर।** अपने मताधिकार को लेकर सिर्फ साक्षर ही नहीं, निरक्षर मतदाता भी जागरूक हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके चलते बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की विशेष तौर पर सुविधा मिल रही है। आज से 16 अप्रैल तक मतदान दलों के द्वारा घर-घर जाकर ऐसे मतदाताओं से मतदान कराया जा रहा है। ऐसा ही एक वाकया जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 79 में ग्राम डोंगापारा में देखने को मिला, जहां 98 साल के वयोवृद्ध नोहरूराम मातलाम ने डाक मतपत्र के ज़रिए स्वस्थ लोकतंत्र स्थापित करने में अपनी भूमिका निभाई। उम्र के इस पड़ाव में भी वोट करने को लेकर उनका जज्बा देखते ही बन रहा था। 98 की आयु में भी 18 साल के वयस्क की मानिंद उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और हर्ष स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा था। लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने घर पर डाक मतपत्र से मतदान करने के बाद बहुत ही उत्साहित नजर आए। मतदान साथी के रूप में उनके बेटे श्री कंकाल राम मातलाम नें मतदान करने में सहयोग किया और बताया की उनके परिवार में कुल 12 सदस्य हैं, जिनमें 10 वोटर्स हैं और 02 अवयस्क हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी लोग एक साथ मतदान देने जाते थे लेकिन अभी अधिक उम्र होने के कारण उनके पिता मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ थे। इस बार चुनाव आयोग द्वारा होम वोटिंग सुविधा प्रदान की गई है जिसके चलते वह वोट कर पाए। मतदान केन्द्र तक जाने में असुविधा होने वालों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई होम वोटिंग सुविधा के लिए नोहरू राम ने मुक्तकण्ठ से सराहना की।

### चुनाव ड्यूटी में लगे होम गार्ड के जवानों और ड्राइवर्स को भरवाए गए डाक मतपत्र के फॉर्म

**रायगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 7 मई को वोट डाले जाएंगे। इस दौरान चुनाव ड्यूटी में रहने वाले सुरक्षा कर्मियों तथा अन्य व्यक्तियों अपने वोट देने के अधिकार से वंचित न हो इसके लिए डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जाती है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के डाक मतपत्र भरवाने का अभियान चल रहा है। जिससे वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

इसी क्रम में नगर सैनिकों को डाक मतपत्र के आवेदन भरवाए गए। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पोस्टल बैलेट शाखा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा ने बताया कि सेनानी होम गार्ड कार्यालय में इसके लिए विशेष कैंप लगाया गया था। जहां जिला सेनानी श्री बी कुजूर भी उपस्थित रहे। इस मौके पर 120 नगर सैनिकों के फॉर्म भरवाए गए हैं। इसी क्रम में गत दिवस चुनाव कर्मियों को मतदान ड्यूटी में लाने ले जाने में संलग्न बस के ड्राइवर और क्लीनर्स को डाक मत पत्र के माध्यम से वोट डालने के बारे में जानकारी दी गई। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित कैंप में 120 ड्राइवर और क्लीनर को डाक मत पत्र के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उनके फॉर्म भरवाए गए। जिससे मतदान दिवस पर ड्यूटी में होने के कारण वे वोट देने के अपने अधिकार से वंचित न हों।

# संकल्प पत्र हमारे लिए संविधान की तरह पवित्र दस्तावेज: विष्णु देव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। हमारा संकल्प पत्र हमारे लिए संविधान की तरह पवित्र दस्तावेज़ होता है। पिछले दस वर्षों में हमने यह साबित किया है कि भाजपा अपने घोषणा पत्र के एक-एक शब्द पर अमल करती है, जैसा हमने मोदी की गारंटी में कर के दिखाया है। ख़ासकर पिछले दस वर्षों में मोदी ने जो किया है वह विश्वास बहाली का नया अध्याय है। उक्त बातें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश को समर्पित भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कही। वे कुशभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। साय ने कहा कि आज का दिन बड़ा ही पावन है।



### नारी समर्थित और समर्पित भाजपा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सदैव माताओं-बहनों के उत्थान के लिए संकल्पित रही है. हमने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू कर माताओं के सम्बल को बढ़ाया है. इसी तरह केंद्र की भाजपा सरकार ने भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत योजनाएं लागू की हैं और उन्हें धरातल पर उतारा है. आज दस करोड़ महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। उन्हें हम अब आईटी, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन आदि के लिए ट्रेनिंग देंगे।

### किसानों का सम्मान - मोदी की गारंटी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि किसानों के लिए सबसे अधिक काम मोदी के शासन में हुआ है। मोदी की गारंटी पर हमने मात्र सौ दिनों में धान, बोनस समेत सभी वादों को पूरा किया। अब किसान क्रेडिट कार्ड के दायरे में पशुपालक को भी जोड़ा है। हमने भी मोदी की गारंटी के तहत ही किसानों को दो साल का बोनस दिया, सबसे अधिक धान खरीदा और किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपए का भुगतान किया।

रविवार को असम से लेकर बंगाल और तमिलनाडू तक देश भर में अलग-अलग रूपों में त्यौहार मनाया जा रहा है। कहीं नव वर्ष की चर्चा है, तो कहीं वैसाखी की धूम है।उन्होंने कहा कि आज देवी उपासना का पर्व नवरात्र का भी छठा दिन, माता कात्यायनी का भी दिन है। और जैसा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी कि कात्यायनी माता के दोनों हाथ में कमल है। इससे अधिक पावन संयोग की बात और क्या होगी? साय ने कहा कि इसी संयोग के अवसर पर सोने पे सुहागा की तर्ज़ पर आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जन्मजयंती भी है और इस पवित्र अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना संकल्प पत्र 'मोदीकी गारंटी' के रूप में जनता जनार्दन के सामने प्रस्तुत किया है। वास्तव में यह घोषणा पत्र भारतीय लोकतंत्र के प्रति भरोसे का, विश्वास बहाली का, भारत के भविष्य का एक सुनहरा रोडमैप है। मेरा यह सौभाग्य है कि इस संकल्प पत्र में मुझे भी सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदान किया है।

भाजपा के पिछले संकल्प पत्रों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि 2014 और 2019 का हमारा संकल्प पत्र हमारा ऐसा विजन डॉक्युमेंट था जिस पर लोगों को सहज विश्वास नहीं होता था, लेकिन पिछले दस वर्ष ने यह साबित किया है कि भाजपा अपने द्वारा घोषित घोषणा पत्र के एक-एक शब्द पर अमल करती है।

मोदी द्वारा जारी भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024 पर उन्होंने कहा कि 2024 का यह घोषणा पत्र 24 बिन्दुओं पर आधारित है। कुल 76 पेज का यह घोषणा पत्र आजादी के 75 वर्ष के बाद का आधुनिक भारत के भविष्य का निर्माण करने वाला घोषणा पत्र है। इसमें 24 स्तंभों में से 10 सामाजिक और 14 आर्थिक स्तंभ है। जैसा कि हमने मोदी गारंटी में करके दिखाया है और जिस तरह पिछले दस वर्षों में मोदी ने किया है, वह विश्वास की बहाली का एक नया अध्याय है। यह युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग ग़रीबी से बाहर हुए। 70 से ऊपर के बुजुर्ग चाहे वे किसी भी आय वर्ग से हो, उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा। चार करोड़ पक्के घर बने हैं। तीन करोड़ और नए घर बनेंगे। सस्ते सिलिंडर घर घर पहुँचाया है, अब पाइपलाइन से गैस घर-घर पहुंचाने की योजना है। करोड़ों परिवारों का बिजली बिल ज़ीरो करने और उन्हें बिजली से कमाई करने की योजना पर काम होगा। पीएम सूर्य योजना के तहत अब लोग बिजली बिल नहीं देंगे बल्कि बिजली पैदा करने से कमाई भी होगी, ऐसी तकनीक पर काम होगा। साय ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में करोड़ों लोगों को समृद्ध बनाने का का काम किया है। मुद्रा योजना से लाखों लोगों को जॉब दिलाने वाले बने हैं। अब नया संकल्प है कि मुद्रा योजना की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करेंगे। युवाओं को अपनी रुचि का काम करने के लिए अधिक पैसे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम रेहड़ी-ठेले वालों को डिग्निटी देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पहले ही हमने स्व निधि योजना से इसे जोड़ा है, इसे अब कस्बों-गावों तक ले कर जायेंगे। सभी को बिना गारंटी के सहायता मिलेगी इसे पचास हजार से आगे भी बढ़ाया जाएगा। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी पूजता है। यही सबका साथ सबका विकास है, यही संकल्प पत्र की आत्मा है यह कहते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगों के लिए विशेष ध्यान देकर काम किया जाएगा।आप को ध्यान होगा कि दिव्यांग जैसा सम्मानजनक शब्द भी मोदी ने ही दिया था ।

### वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता

मोदी के विजन डॉक्यूमेंट भाजपा के संकल्प पत्र कि अहम् घोषणा पर चर्चा करते हुए विष्णु देव साय ने कहा कि हम वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करेंगे। अब सत्तर साल से अधिक के उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को इलाज की चिंता से मुक्त किया जाएगा।

### सहकारिता से समृद्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ग्लोबल न्यूट्रीशन हब बनेगा। हमारे कोदो-कुटकी जैसे अनाज अब सुपर फूड बन कर विश्व में छाएंगे। दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता के लिए कार्य करेंगे। सब्ज़ी संग्रहण आदि के लिए क्लस्टर। मोती की खेती के लिए भी सहायता। नैनों यूरिया का अधिक से अधिक इस्तेमाल। किसान समृद्धि केंद्रों का विस्तार। समेत ऐसे तमाम कार्यों का विस्तार होगा जिससे समाज का हर वर्ग संपन्न और हर क्षेत्र लाभान्वित होगा।

# मंडल रेल कार्यालय में मनाई भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133वां जन्म दिवस सोमवार को मनाया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में आयोजित कार्यक्रम मे मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा की डॉ भीमराव अम्बेडकर आज भी दलितों, गरीबो एवं असहायों के मसीहा के रूप में याद किए जाते हैं ।

इतिहास के पन्नों मे उन्हे संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूम में याद किया जाता है । डॉ भीमराव अम्बेडकर जीवन के हर क्षेत्र -सामाजिक, आर्थिक और राजनिति में लोकतंत्र के पक्षधर थे । अंत में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के जन्म दिवस के अवसर पर हम संकल्प लें कि रेल सेवा के माध्यम से हमें जो देश सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है उसे हम पूरे समर्पण, सदभावना, निष्ठा व ईमानदारी से हमारा लक्ष्य पूर्ण करना है । हम देश को समृद्ध बनाएंगे और देश की उन्नति में योगदान करेंगे। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति रेलवे एंप्लाइज एसोसिएशन के डिविजनल प्रसीडेंट भोली चौधरी एवं डिविजनल वर्किंग सचिव वाय. के. मिहूलिया, डॉ. बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जीवनी, उनसे आदर्शो शिक्षा के महत्व, संगठन एवं संघर्ष के महत्व पर चर्चा की साथ ही रायपुर रेल मंडल द्वारा डॉ.बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर किए गए आयोजन को बहुत ही सराहा। उन्होंने कहा कि हम सब एक परिवार के रूप में कार्य करते हैं और यहां सभी का सहयोग अतुलनीय है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे कांग्रेस यूनियन के प्रतिनिधि, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ओबीसी एशोसियसन के डिविजनल प्रेसिडेंट एच. प्रसाद राव एवं अन्य पदाअधिकारियों द्वारा बाबा साहेब की जीवनी के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आशीष मिश्रा एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) आरके साहू एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं यूनियन के पदाअधिकारियों सहित रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग द्वारा आज के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी की भागीदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत का गारंटी पत्र है : बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । रायपुर लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल ने पार्टी के संकल्प पत्र को देश और देशवासियों के हित में बताया है। उन्होंने कहा है कि इस संकल्प पत्र में गरीबों महिलाओं युवाओं और किसानों को आत्म निर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि रविवार को भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जो मोदी की गारंटी के नाम से जारी किया है जिसमें गरीबों अन्नदाताओं युवाओं और किसानों का विशेष ख्याल रखा गया है। आज के संकल्प पत्र विकसित भारत 2047 की दिशा में कार्य करने की तैयारी है। मैं इस संकल्प पत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि इसके जरिए आने वाले पांच साल में फ्री राशन की योजना जारी रहेगी। 70 साल की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। चाहें फिर वो किसी वर्ग का हो। 3 करोड़ और घर बनाने का संकल्प लिया है। दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी, ट्रांसजेंडर साथियों को भी आयुष्मान योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया है। 3 करोड़ बहनों को लखपति बीवी बनाने की गांरटी ली है। पीएम किसान सम्मान निधि आगे जारी रहेगी। देश में डेयरी सहकारिता समिति की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। दलहन और तिलहन में आत्मर्निभर के लिए किसानों की मदद करेंगे। नैनो यूरिया के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। डिजिटल जनजाति कला अकादमी की स्थापना की जाएगी। 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूलों को बनाया जाएगा। बिजली बिल जीरो करने की दिशा में काम करेंगे, पीएम सूर्यघर बिलजी योजना लॉन्च होगी। घर में बिजली मुफ्त, एक्स्ट्रा बिजली से पैसे भी मिलेंगे।मुद्रा योजना की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की गई। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र गरीबी मुक्त भारत और विकसित भारत की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# भाजपा का संकल्प पत्र नहीं जुमला पत्र है-कांग्रेस

## भाजपा, संकल्प पत्र नहीं माफीनामा जारी करे - दीपक बैज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कांग्रेस ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमला पत्र बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले दो बार के चुनावों में अपने वादों को भूल जाने वाले किस नैतिकता से नया संकल्प पत्र जारी किये है। भाजपा को जनता से नया वादा करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा के लिये घोषणा पत्र जिसे वे संकल्प पत्र कहते है, केवल जनता को ठगने का एक हथियार है।

यह दल चुनाव में वोट लेने के बाद अपने संकल्प पत्र के वादों को खुद चुनावी जुमला बता देता हैं जनता में भाजपा और मोदी दोनों की ही विश्वसनीयता समाप्त हो चुकी है। भाजपा का संकल्प पत्र नहीं माफीनामा जारी करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 2014 और 2019 के संकल्प पत्र के वादों के बारे में बात करने की भाजपाई हिम्मत नहीं करते। भाजपा बताये युवाओं के लिए सालाना 2 करोड़ नौकरियों देने का क्या हुआ? किसानों की आय दोगुनी करने का क्या हुआ? एमएसपी की कानूनी गारंटी का क्या हुआ? किसानों को लागत पर 50 प्रतिशत जोड़कर समर्थन मूल्य देने के वायदे का क्या हुआ? हर बैंक अकाउंट में 15-15 लाख देने का क्या हुआ? भाजपा बताये एससी, एसटी, के अधिकारों को सुरक्षित करने के वादे का क्या हुआ? एससी व एसटी पर 46 प्रतशित व 48 प्रतिशत अपराध क्यों बढ़ा? महिला आरक्षण लागू करने व महिला अत्याचार रोकने का क्या हुआ?

100 स्मार्ट सिटी का क्या हुआ? भाजपा के सांसदों के द्वारा गोद लिये गांवो का क्या हुआ? 2020 तक गंगा सफ़ाई का क्या हुआ? 2022 तक हर परिवार के सर पर छत का क्या हुआ? 2022 तक सबको चौबीस घंटे बिजली देने का क्या हुआ? 2022 तक भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने का क्या हुआ? लाल आँख व मैं देश नहीं झुकने दूँगा का क्या हुआ? हमारी जमीन पर चीन ने 2000 किलोमीटर तक कब्जा कैसे कर लिया? 2022 तक 40 करोड़ युवाओं को स्किल ट्रेनिंग का क्या हुआ? केन्द्रीय विभागों में लाखों पद रिक्त होने के बावजूद भर्तीया क्यों बंद हुई? सेना में नियमित भर्ती बंद करके ठेके पर 4 साल के लिये अग्निवीर योजना का क्या औचित्य है?

पहली बुलेट ट्रेन का क्या हुआ? मोदी और भाजपा के इन वादों का हिसाब जनता मांग रही है इस लोकसभा चुनाव में पूरा भारत जुमलेबाजों को हरायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 10 सालों में वादाखिलाफी का रिकॉर्ड बना चुकी भाजपा में साहस नहीं कि वह कोई नया वादा जनता से कर पाये। इसीलिये भाजपा का घोषणा पत्र पूरी तरह सतही और चुनावी औपचारिकता दिख रहा है। भाजपा के घोषणा पत्र में भाजपा के हार की झलक साफ दिख रही है। इसीलिये भाजपाई नया वादा करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे है। ट्रेनों को बंद करने वाले वर्ल्ड क्लास स्टेशन बुलेट ट्रेन बनाने के लिये झूठे वादे कर रहे है।

# सारंगढ़ में कार्यालयीन दिवस में बनाया जा सकता है खाद्य लाइसेंस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देश पर जिले के अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन का कार्य कार्यालयीन दिवस और समय पर सीएमएचओ कार्यालय सारंगढ़ परिसर, शासकीय सामुदायिक अस्पताल के सामने में किया जाता है।

जिला प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को उपस्थित होकर पंजीयन /अनुज्ञप्ति बनवाकर लाभ उठाने की अपील की है। पंजीयन, लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा या निगम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 वा 31(1)के तहत खाद्य विनिर्माता, रिपैकर ,रीलेबरर ,खाद्य परिवहन ,थोक व खुदरा विक्रेता , होटल ,रेस्टोरेंट ,ढाबा ,किराना दुकान ,मीट शॉप, पान ठेला, चाट वा गुपचुप ठेला ,गन्ना रस ,जूस सेंटर ,खाद्य बर्फ पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर , फल, सब्जी विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबार कर्ता को खाद्य लाइसेंस/ पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। बिना खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### मतदान का बहिष्कार अपवाहः एसडीएम

**रायपुर ( ए. )।** पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम रीवाडीह में मतदान बहिष्कार संबधित खबरों को जिला प्रशासन से बड़ी गंभीरता से लिया है। इस विषय की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए पलारी एसडीएम श्यामा पटेल,जनपद पंचायत सीईओ रोहित नायक, तहसीलदार देवेंद्र नेताम,पलारी थाना प्रभारी, खनिज अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर ग्राम रीवाडीह पहुंचे। टीम ने ग्राम पंचायत में स्थानीय नागरिक,जनप्रतिनिधियो के साथ बैठक कर इस संबध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सरपंच साहू ने बताया कि गांव में नया रेत घाट स्वीकृत हुआ है। इससे गांव के लोगों में आपसी मन मुटाव है पर इस पुरी बातो में लोकसभा चुनाव में मतदान की बहिष्कार जैसी कोई बात नही है ये महज एक अफवाह हैं। ऐसा कोई हमारे गांव में मीटिंग नहीं हुई है। कुछ व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ के लिए बरगला रहा है, ताकि अपना रोटी शेक सकें। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्र में पूरी तैयारी कर ली गई है,ताकि शांतिपूर्वक मतदान हो सके। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलारी रोहित नायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बहिष्कार की ऐसी कोई सूचना नहीं है, वह गलत है। चुनाव संबंधित मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लाइट पानी अन्य संबंधित व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत सचिव से कह दिया गया है, ताकि सुचारू ढंग से चुनाव संपन्न हो। बैठक में एसडीएम श्यामा पटेल ने ग्रामीणों के बातो से संतुष्ट होते हुए सभी से अधिक से अधिक संख्या में मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की हैं।

### अप्रैल महीने में सम्पत्ति कर पटाने पर सवा छह प्रतिशत की छूट

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम द्वारा नए वित्त वर्ष के लिए सम्पत्ति कर जमा करना आज से प्रारम्भ कर दिया गया है। सम्पत्ति कर ऑनलाइन के साथ जोनों में जाकर ऑफलाइन भी जमा किया जा सकता है। निगम के उपायुक्त राजस्व आर के डोंगरे ने बताया कि कलेक्टर गौरव कुमार सिंह तथा निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर पिछले सत्र में सम्पत्ति कर जमा होने के उपरांत सिस्टम को अपडेट किया जा रहा। सिस्टम अपडेट होने के बाद आज से सम्पत्ति कर जमा करने का काम प्रारम्भ कर दिया गया है। अप्रैल माह के अंत तक सम्पत्ति जमा करने पर करदाताओं को सवा छह प्रतिशत का छूट दिया जाएगा।

### रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम पहुंची सेमीफाइनल

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर के सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम



के तहत 14 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं श्रम विभाग के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मैच में रायपुर स्मार्ट सिटी ने 187 रन विशाल स्कोर बनाकर जीत हासिल की और सेमी फाइनल में जगह बनाई। श्रम विभाग की टीम ने इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए 120 रन ही बना सकी जिसमें रायपुर स्मार्ट सिटी के बल्लेबाज श्रवण कुमार ने 105 रन की बेहतरीन पारी खेली जिन्हें आज के मैच में मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। यह मैच कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप ने खिलाड़ियों और नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर में भारी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए गरीबों-वंचितों के हित में काम कर रही भाजपा : बृजमोहन

## अंबेडकर जयंती पर बृजमोहन अग्रवाल ने देशवासियों को दी बधाई

**रायपुर (ए.)।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपना जीवन सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया और उन्होंने हमेशा ही समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। यह बात रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर कहीं।



राजधानी के कचहरी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। उन्होंने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की सभी को हार्दिक बधाई दी। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण बताया था। उन्होंने कहा था कि, शिक्षा ही एकमात्र ऐसा हथियार है जिससे आप अपनी गरीबी और पिछड़ेपन को मिटा सकते हैं। आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार उनके आदर्शों पर चलते हुए कार्य कर रही है। देश भर एकलव्य स्कूल, केंद्रीय विद्यालय नवोदय विद्यालय समेत सैकड़ों शिक्षा के नए संस्थान खोले जा रहे है। इतना ही नहीं पिछले 10 साल के मोदी कार्यकाल के दौरान एम्स आईआईटी, एनआईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे उच्च शिक्षण संस्थान में भी बढ़ोतरी हुई है। केंद्र और राज्य भाजपा सरकार की अनेकों योजनाएं गरीबों, महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है जिनका फायदा समाज के लोग उठा रहे हैं और उनके जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है।

बृजमोहन अग्रवाल ने लोगों से आह्वान किया कि, आइए हम सब बाबा साहेब के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लें और एक ऐसे भारत का निर्माण करने का संकल्प लें जो बाबा साहेब के सपनों का भारत हो। जहां सभी को समान अधिकार और कार्य करने के अवसर प्राप्त ही। कार्यक्रम में संयोजक सुनील बांद्रे, संजय राजघाटे, कमलेश रामटेक, राहुल रामटेक, मकरंद, रवि गोलकर, भोजराज, नरेश गायकवाड, अनूप खेलकर, शशांक डाबरे, राजकुमार रामटेक, मदनलाल समेत समाज के लोग उपस्थित रहे।

### अंबेडकर की 133वीं जन्म जयंती समारोह मनाई

नवा रायपुर अटल नगर में रविवार को शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जन्म जयंती समारोह मनाई गई। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उपस्थित अधिकारियों ने बाबा साहब के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही डॉ. अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। अटल नगर नवा रायपुर में इंद्रावती भवन के समीप अम्बेडकर चौक में आयोजित कार्यक्रम में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे, सदस्य रेरा

## अंबेडकर जयंती पर अधिकारी-कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ



धनंजय देवांगन, विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर, अपर संचालक जनसंपर्क आलोक देव, औद्योगिक न्यायालय के जज एस एल मात्रे, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, अपाक्स के अध्यक्ष सत्येन्द्र देवांगन, सोजलीफ कोफाउंडर अनिल बनज, विद्युत मंडल के अभियंता राजकुमार सोनकर, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम सागर कोसले, संतोष कुमार वर्मा व शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ अध्यक्ष देवलाल भारती आदि अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया।

संचालक, कोष लेखा और पेंशन महादेव कावड़े ने कहा कि हम जिस मुकाम और जगह पर आज हैं वह सब बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की वजह से हैं। भारत का संविधान, प्रावधान और बाबा साहेब के विचार को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

सदस्य रेरा धनंजय देवांगन ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के कार्यो, संघर्ष, उपलब्धि और संविधान के बारे में सबको जानकारी है। हम उनके आदर्शों को अपनाने की बात करते हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर ने कहा था मेरे बाद करोड़ो भीमराव अम्बेडकर होना चाहिए। लेकिन आज तक उनके आदर्शों और व्यक्तित्व तक नहीं पहुँच पाएं हैं। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहना चाहिए।

विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एक समाजशास्त्री, मानवशास्त्री, अर्थशास्त्री, इतिहास और राजनीति सभी क्षेत्रों का ज्ञान था। उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था एवं 32 डिग्रियां प्राप्त की। सबसे बड़ा पवित्र ग्रंथ भारतीय संविधान है और हमारे मुक्तिदाता डॉ भीमराव अम्बेडकर हैं।

अपर संचालक, जनसंपर्क विभाग आलोक देव ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती आज केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के 25 देशों में मनाया जा रहा है। आज के इस दिन को यूनेस्को ने शिक्षा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया और दुनिया के 25 देशों में इस दिन को शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाबा साहब का छत्तीसगढ़ से बहुत प्यारा नाता रहा है। 12 दिसम्बर 1945 को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का पहली बार छत्तीसगढ़ आगमन हुआ। बाबा साहब का प्रभाव छत्तीसगढ़ में उनके आने से पहले से था। बाबा साहब दलित शोषित का उत्थान कैसे किया जाए इस बारे में वह निरन्तर प्रयास करते रहते थे। बाबा साहब का प्रभाव उस रूप में आजादी से पहले से था। एस.एल.मात्रे, जज, औद्योगिक कोर्ट ने कहा कि बाबा साहब संविधान के पितामह है। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शोषितों, वंचितों और महिलाओं के लिए कार्य किया।

## हनुमान चालीसा महापाठ के लिए निकली शोभायात्रा

**रायपुर ( ए. )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान चालीसा महापाठ और पंडित विजय शंकर मेहता का व्याख्यान रामनवमीं पर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मैदान, बूढ़ापारा में रखा गया है। महापाठ के प्रचार प्रसार के लिए 15 अप्रैल को एक भव्य शोभायात्रा बूढ़ेश्वर मंदिर चौक से निकाली गई।

हनुमान महापाठ समिति के रायपुर शहर के संयोजक विजय अग्रवाल समेत शिवनारायण मूंधड़ा, मोहन पवार, मुकेश शाह, योगी अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी अमित डोये व शोभायात्रा प्रभारी दिलीप गंगवानी ने बताया कि इस यात्रा में हनुमान जी की मूर्ति के साथ एक सुसज्जित रथ के साथ एक निश्चित ड्रेस कोड में हनुमान भक्त दोपहिया वाहनों में केसरिया धर्म ध्वजा धारण किए भक्त पूरे रास्ते हनुमान जी का जयकारा लगाते रहे। शोभायात्रा बूढ़ेश्वर चौक स्थित हनुमान मन्दिर से होते हुए पुरानी बस्ती पुलिस थाना, कंकाली तालाब, तात्यापारा चौक, जवाहर नगर, रामसागर पारा होते हुए राठौड़ चौक के हनुमान मंदिर में विसर्जित




हुई। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा का विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं द्वारा आरती उतारकर, पुष्प वर्षा कर और हनुमान भक्तों के लिए ठंडे पेयजल, मिठाई की व्यवस्था की गई। रामनवमीं पर 17 अप्रैल को प्रतिवर्षानुसार समिति द्वारा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मैदान, बूढ़ापारा में सामूहिक हनुमान चालीसा महापाठ ठीक सात बजे होगा। इसके पश्चात प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरू पंडित विजय शंकर मेहता का श्री हनुमान जी की आठ छलांगों का महत्व बताते हुए उस पर अनूठा व्याख्यान होगा।

## अग्निशमन सेवा दिवसः सड़क पर उतरे फायर फाइटर्स

### आग लगने के कारणों से बचाव के संदेश भी दिए

**रायपुर ( ए. )।** अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में रविवार को फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की रैली निकाली गई। इस अवसर पर डीआईजी एलपी वर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में नया रायपुर और उरला में अग्निशमन स्टेशनों की स्थापना होगी।



ज्ञात हो कि 14 अप्रैल को हर वर्ष अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है, इस अवसर पर आज रायपुर के टिकरापारा थाने से जागरूकता मार्च कार्यक्रम का आगाज किया गया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने टिकरापारा थाने से अग्निशमन गाड़ियों को शहर के लिए रवाना किया और आमजनता को आग लगने के कारणों से बचाव के संदेश भी दिए गए।

ज्ञात हो कि 14 अप्रैल, 1944 को मुम्बई बंदरगाह पर फोर्टस्टीकेन नामक मालवाहक जहाज खड़ा था, जिसमें रूई की गांठें, विस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे, उसमें अकस्मात भयानक आग लग गयी थी। मुम्बई के अग्नि शमन दल के जवान आग को बुझाने की लगातार कोशिश कर रहे थे। आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण भयानक विस्फोट हुआ और इस आगजनी में आग बुझाने वाले दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है।

## 5 दिन के अंदर ट्रेचिंग ग्राउंड को साफ करने दिया अल्टीमेटम

**रायपुर ( ए. )।** शहर के कचरा रखने की पुरानी जगह सरोना ट्रेचिंग ग्राउंड के 24 एकड़ में से 5 एकड़ जिसकी सफाई नहीं हो पाई थी उसे रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने 5 दिन के भीतर सफाई करने का निर्देश दिए। सफाई नहीं करने पर उन्होंने कार्रवाई करने का भी अल्टीमेटम भी दिया।

दरअसल सरोना ट्रैचिंग ग्राउंड में निगम की मालिकाना हक की 24 एकड़ की जमीन है। इसी जगह पर शहर भर के कचरे को डाला जा रहा था। संकरी में नया ट्रैंचिग ग्राउंड बनने के बाद इस जगह पर कचरा एकत्रित करना बंद कर दिया गया। इसी के साथ ही इस जगह पर खाद बन चुके



कचरे को अलग करने की कार्रवाई शुरू की गई। इस प्रक्रिया में 24 में से 19 एकड़ क्षेत्र को कचरा मुक्त कर दिया गए। करीब 5 एकड़ क्षेत्र विभिन्न प्रकार के कचरों से अब भी भरें पड़ें हैं। इनमें ठोस अपशिष्ट भी शामिल हैं।

निगम के जोन क्रमांक 8 के आयुक्त अरुण ध्रुव ने बताया कि निगम कमिश्नर श्री मिश्रा ने गत दिनों भी इस जगह का निरीक्षण कर खाद में तब्दील हो चुके मिट्टी और खाद में तब्दील हो चुके कचरे को यहां से हटाने के निर्देश दिए थे।

आज वे फिर वहां पहुचे और अधिकारियों को वहां के खाद को हटाकर उस जगह को 5 दिनों के भीतर पर्यवारण के अनुकूल बनाने के निर्देश दिए। उनके साथ निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे, स्वस्थ भारत अभियान के कार्यपालन अभियंता द्वय रघुमणि प्रधान, योगेश कडू तथा जोन क्रमांक 8 के जोन आयुक्त अरुण ध्रुव तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## मनाया संत कंवर राम साहेब का 137वां जन्म दिवस

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संत कंवर राम साहेब का 137वां जन्मदिवस मनाया गया। पूर्व पार्षद कविता शिव ग्वालानी और रवि ग्वालानी के टैगोर नगर निवास स्थान में सच्चो सतराम महिला मंडल ने और अनुयायी महिलाओं ने धूमधाम से कंवर साहेब का 137वां जन्मदिवस 137 दीप प्रज्वलित करके मनाया।

दो साल से कोरोना के प्रकोप के चलते अमर शहीद संत कंवर राम साहेब का जन्मदिन धूमधाम से नहीं मनाया जा सका था। इस साल बहुत ही धूमधाम से बलिदानी की जयंती मनाई गई। महिलाओं ने उनके बताए मार्ग पर चलते समाज सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कविता ग्वालानी, डा. उमा रोहरा ग्वालानी, सुनीता गवलानी और शुभा ग्वालानी ने बताया की उनकी संत्संगी महिलाएं संत के परोपकार के बताए हुये मार्ग पर चलती हैं और मानव सेवा के अनेक कार्य करती हैं। कार्यक्रम में निर्मला जोधवानी, राजकुमारी खेतपाल, देयी हबलानी, रेखा मखीजा, सीता खूबचंदानी आदि उपस्थित रहे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# अब खुली रिश्ते की पोल, 3 साल से प्यार में हैं इब्राहिम-पलक

**कई बार तो पलक और इब्राहिम की डेटिंग की अफवाहें भी उड़ी हैं। जिस तरह से दोनों एक-दूसरे के साथ रहते हैं इससे यहीं लगता है कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। अटकलें तब पक्की हो गईं जब इब्राहिम ने अपनी मूवी नाइट के बाद गर्व से पलक की जैकेट पहनी। अब दोनों के रिश्ते को लेकर नई खबरें आई हैं।**



श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान के बीच क्या चल रहा है? ये सवाल लोगों को मन में तब से हैं, जब पहली बार दोनों साथ में स्पॉट हुए और दोनों ने कैमरे देखकर ही मुंह छुपा लिया। पहली बार दोनों साथ में नजर आए तो पलक ने इसे सिर्फ दोस्ती की रिश्ता बताया, लेकिन दोनों जब-जब साथ नजर आए, तब-तब लोगों के मन में सवाल आया कि कुछ तो दोनों के बीच जरूर है। कई बार तो पलक और इब्राहिम की डेटिंग की अफवाहें भी उड़ी हैं। जिस तरह से दोनों एक-दूसरे के साथ रहते हैं इससे यहीं लगता है कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। अटकलें तब पक्की हो गईं जब इब्राहिम ने अपनी मूवी नाइट के बाद गर्व से पलक की जैकेट पहनी। अब दोनों के रिश्ते को लेकर नई खबरें आई हैं।

बॉलीवुड लाइफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इब्राहिम अली खान और पलक तिवारी तीन साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन वे अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में नहीं रहना चाहते।रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि इब्राहिम और पलक रिश्ते में होने के बावजूद एक साथ फोटो खिंचवाने से इनकार करते हैं और एक-दूसरे की कंपनी का आनंद ले रहे हैं। दोनों करीब साढ़े तीन साल पहले कॉमन फ्रेंड्स के जरिए एक-दूसरे से मिले और जल्द ही उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई।

पलक और इब्राहिम तीन साल से एक-दूसरे को देख रहे हैं और वह परिवार के बहुत करीब हैं। पलक और इब्राहिम अपने अफेयर के कारण नहीं बल्कि काम के कारण सुर्खियों में रहना चाहते हैं और वे चाहते हैं कि मीडिया उनके प्रोफेशनल लाइफ ध्यान दे न कि पर्सनल लाइफ पर। सूत्र ने आगे बताया कि पलक और इब्राहिम कुछ डेट्स के बाद करीब आ गए और अब, वे एक बहुत मजबूत बंधन साझा करते हैं। यह जोड़ी एक साथ अच्छी लगती है और एक साथ परफेक्ट दिखती है।

# 100 किलो के गाउन में उर्फी का अनोखा अंदाज

### यूजर बोले- मेट गाला पर जाना था यह ड्रेस पहनकर



सोशल मीडिया संसेशन उर्फी जावेद आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उर्फी का अनोखा फैशन उन्हें लोगों के बीच खूब वाहवाही दिलाता है। उर्फी जावेद इन दिनों अपनी डेब्यू फिल्म 'एलएसडी 2' को लेकर चर्चा में है। बीते दिनों फिल्म 'एलएसडी 2' का बोल्ड ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसमें उर्फी की भी झलक देखने को मिली थी। वहीं अब उर्फी अपनी इस फिल्म का प्रमोशन अलग अंदाज में करती नजर आ रही हैं। शनिवार को उन्हें मुंबई में अजीबो-गरीब नीले रंग के गाउन में देखा गया। यह गाउन परे 100 किलो का बताया जा रहा है। इसे बनाने में करीब 450 मीटर कपड़ा लगा है और पूरे आउटफिट को बनाने में दो-तीन महीने लगे। इसे 10-11 लोगों ने मिलकर बनाया है। उर्फी ने अपने इस नए लुक को अपने सोशल मीडिया साइट इंट्राग्राम पर शेयर किया है।

### उर्फी के नए लुक पर यूजर्स की राय

उर्फी जावेद के लाखों चाहने वाले हैं, तो वहीं कुछ यूजर्स उन्हें उनकी अतरंगी ड्रेस के लिए ट्रोल भी करते आए हैं। इस बार उर्फी का लुक किसी रेड कार्पेट लुक से कम नहीं है। उर्फी ने सिर्फ कुछ घंटों पहले ही अपनी इस पोस्ट को शेयर किया है। साथ ही उर्फी जावेद ने लिखा, 'मैं जहां खड़ी होती हूं, वहीं से रेट कार्पेट शुरू होता है। बदला लेने का बेहदतर तरीका है फैशन।' इन तस्वीरों में उर्फी ने बेहद ही लंबा गाउन पहन रखा है। इस गाउन में उर्फी अलग-अलग पोज देती नजर आईं। उनका यह अंदाज किसी का भी दिल जीत लेगा। उर्फी के फैंस उन्हें लगातार सोशल मीडिया पर इस लुक के लिए कमेंट कर रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा, 'थैंक्यू उर्फी हमें रोज फ्री में मेट गाला दिखाने के लिए'। तो वहीं एक और यूजर ने लिखा, 'मेट गाला पर जाना था यह ड्रेस पहनकर'। एक और फैन ने लिखा, 'मुझे यह आउटफिट बेहद पसंद आया।' तो एक फैन ने लिखा, '100 तोपों की सलामी'।

### उर्फी का खुद का रेड कार्पेट

उर्फी जावेद काम से कम और अपने फैशन से ज्यादा चर्चा में रहती हैं। शनिवार की शाम को इसी लुक में उर्फी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। इस दौरान उर्फी अपने ही बनाए रेड कारपेट पर नजर आई। फर्क बस इतना है कि इस रेड कार्पेट पर सिर्फ और सिर्फ उर्फी ही चली। इस वीडियो में उर्फी नीले रंग के गॉउन में एक टेम्पो से उतरती नजर आईं। इसके बाद खुद के ही रेड कारपेट पर उर्फी ने मीडिया को जमकर पोज दिए। इस दौरान उर्फी ने मीडिया से कहा, 'रेड कार्पेट पर तो कोई मुझे बुलाता नहीं है। तो मैंने खुद का रेड कार्पेट क्रिएट कर लिया। मैं अपने रेड कार्पेट पर सब खुद ही करती रहूंगी, मुझे कोई बुलाये या फिर बुलाए, मैं खुद ही अपना रेड कार्पेट कर लूंगी।'

### एलएसडी 2 से करेंगी डेब्यू

14 साल बाद फिर से एक बार एकता कपूर निर्मित फिल्म 'एलएसडी 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का टीजर आउट होने के बाद से ही फिल्म काफी चर्चा में है। टेक्नोलॉजी की दुनिया पर आधारित फिल्म इंटरनेट के सच से पर्दा उठाती है। एकता कपूर की 'एलएसडी 2' से उर्फी फिल्म में डेब्यू करने वाली हैं। बीते दिनों फिल्म का बोल्ड ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसमें उर्फी की भी झलक देखने को मिली थी। ट्रेलर का एक-एक सीन रोंगटे खड़े कर देने वाला है। उन्हें 'एलएसडी 2' में देखना उनके फैंस के लिए बेहद एक्सटाइट होगा। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# श्रीकांत' के बाद जाह्नवी कपूर के साथ इश्क फरमाएंगे राजकुमार

राजकुमार राव की आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही इसी साल बड़े पर्दे पर आने वाली है। फिल्म में राजकुमार के साथ अहम भूमिका में जाह्नवी कपूर हैं। दोनों की फिल्म की रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है। राजकुमार और जाह्नवी की फिल्म सिनेमाघरों में कब रिलीज होगी जानिए तारीख।

राजकुमार राव की आगामी फिल्म श्रीकांत को लेकर इन दिनों काफी चर्चा है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही लोग राजकुमार की खूब तारीफकर रहे हैं। श्रीकांत की रिलीज का इंतजार कर रहे फैंस के लिए अब अभिनेता एक और खुशखबरी लेकर आए हैं। उनकी आगामी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। करण जौहर निर्मित मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार राव टैलेंटेड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर के साथ लीड रोल में हैं। फिल्म को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही थी, इंतजार सिर्फरिलीज डेट का था। अब आखिरकार डेट भी अनाउंस कर दी गई है।

### जाह्नवी कपूर अपकमिंग फिल्में

मिस्टर एंड मिसेज माही के अलावा जाह्नवी कपूर देवरा पार्ट 1 में नजर आएंगी, जो 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा वह उलझ, आरसी 16, वरुण धवन संग फिल्म समेत कई प्रोजेक्ट्स लाइन में हैं।

### मिस्टर एंड मिसेज माही की बदली रिलीज डेट

राजकुमार राव ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आगामी फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। हालांकि, इस पोस्टर में लीड स्टार्स का लुक रिवील नहीं किया गया। इसमें सिर्फ रिलीज डेट बताई गई है। फिल्म 31 मई 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली है। पहले इसे 19 अप्रैल को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी डेट आगे बढ़ा दी गई है। राजकुमार ने पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा, प्यार सेंचुरी मारेगी।

### राजकुमार राव की अपकमिंग फिल्में

राजकुमार राव के लिए साल 2024 बहुत खास होने वाला है। उनकी इस साल तीन फिल्में बैक-टू-बैक रिलीज होने वाली हैं। मिस्टर एंड मिसेज माही से पहले उनकी मच अवेटेड मूवी श्रीकांत रिलीज होगी, जो नेत्रहीन बिजनेसमैन श्रीकांत बोला पर आधारित है। यह सिनेमाघरों में 10 मई को दस्तक देगी। फिर 30 अगस्त को अभिनेता की फिल्म स्त्री का सीक्वल भी रिलीज होने जा रहा है। इसमें श्रद्धा कपूर और पंकज त्रिपाठी अहम भूमिका में हैं।

# बदल गई है पुष्पा- 2 की 'श्रीवल्ली'

### रश्मिका मंदाना ने बताया उनके कैरेक्टर में हुआ क्या बदलाव



साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन अब पैन इंडिया स्टार बन चुके हैं। 2021 में रिलीज हुई पुष्पा द राइज से उन्होंने ग्लोबल स्टारडम हासिल किया। अब फैंस को इंतजार है तो बस पुष्पा द रूल का। फिल्म का झन्नाटेदार टीजर रिलीज होने के बाद फैंस की मूवी को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ गई है। वहीं रश्मिका मंदाना ने बताया है कि इस बार फिल्म में क्या नया देखने को मिलेगा।

साल 2024 की शुरुआत कुछ धमाकेदार फिल्मों के साथ हुई और आगे भी बिग बजट फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इस साल की मोस्ट एंटीसिपेटेड मूवीज में अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा-2' शामिल है, जिसका धमाकेदार टीजर कुछ दिन पहले ही जारी किया गया था। 'पुष्पा-2' के इंतजार में फैंस 2021 से ही हैं। फिल्म का सेकंड पार्ट कुछ ही महीनों में रिलीज होगा। टीजर में साड़ी पहने नजर आए अल्लू अर्जुन के धांसू लुक ने काफी वाहवाही बटोरी। इसके पहले रश्मिका मंदाना का 'श्रीवल्ली' लुक रिवील किया गया।

### पहले से अलग होगी 'पुष्पा-2'

'पुष्पा द रूल', 'पुष्पा: द राईज' के आगे की कहानी दिखाएगी। अल्लू अर्जुन लाल चंदन की तस्करी के बिजनेस में महारत हासिल कर हुए राज करते देखे जाएंगे, तो रश्मिका मंदाना का अंदाज भी बोल्ड होगा। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म में अपने कैरेक्टर पर बात की और बताया कि इस बार क्या कुछ खास होगा।

### 'हर दिन प्लेग्राउंड की तरह लगता था'

रश्मिका ने कहा कि जब उन्हें 'श्रीवल्ली' के बारे में पता चला, तो वो नहीं जानती थीं कि ये कैरेक्टर कैसा होगा। वो श्रीवल्ली की कौन सी दुनिया बनाने वाली हैं, इसका उन्हें अंदाजा नहीं था। सेट पर हर दिन उनके लिए प्लेग्राउंड जैसा था क्योंकि वह सीख रही थीं कि 'श्रीवल्ली' बनने के लिए क्या करना होगा।

### 'पुष्पा 2' में ऐसा होगा किरदार

रश्मिका मंदाना ने बताया कि इस बार की फिल्म में क्या कुछ खास होगा। उन्होंने कहा कि इस बार लोग 'श्रीवल्ली' नहीं 'श्रीवल्ली 2.0' देखेंगे। ये वो श्रीवल्ली होगी, जो पहले से सॉर्टेड है। उसे पता है कि उसे क्या चाहिए। यानी उसके मन में किसी चीज की कन्फ्यूजन नहीं होगी।

# सलमान खान का शो बिग बॉस ओटीटी-3 हुआ कैंसिल

**बिग बॉस फैंस का पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। फिर चाहें यह टीवी पर आए या ओटीटी पर दर्शक इसे हर जगह प्यार देते हैं। यही वजह है कि यह शो इतना हिट हो जाता है। अब ऑडियंस बिग बॉस ओटीटी के 3 सीजन का इंतजार कर रही है जिसे लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है कि यह शो इस साल नहीं आने वाला है।**



### बिग बॉस ओटीटी-3 को लेकर आई ये खबर

बिग बॉस फैंस के पसंदीदा शो में से एक है। इस रियलिटी शो के टीवी पर अभी तक 17 सीजन आ चुके हैं और इसके सभी सीजन हिट हुए हैं। इस शो की इतनी लोकप्रियता के बाद मेकर्स इसका डिजिटल वर्जन लेकर आए थे, जिसे बिग बॉस ओटीटी कहा गया। इसे भी दर्शकों ने काफी प्यार दिया और यही वजह है कि इसके भी दोनों सीजन हिट हुए।

अब फैंस बिग बॉस ओटीटी-3 का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब इससे जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनने के बाद फैंस को तगड़ा झटका लग सकता है। ऐसा बताया जा रहा है कि इस साल ओटीटी पर बिग बॉस नहीं आने वाला है।

### सीजन 3 को लेकर आई ये खबर

बता दें कि बिग बॉस ओटीटी सीजन 1 दिव्या अग्रवाल ने जीता था। वहीं, ओटीटी सीजन 2 की ट्रॉफी एल्विश यादव ने अपने नाम की थी। इसके तीसरे सीजन को लेकर यह कहा जा रहा था कि यह 15 मई से शुरू हो सकता है, लेकिन अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ओटीटी सीजन 3 को लेकर कोई प्लानिंग नहीं कर रहे।

### इस वजह से लिया फैसला?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐसा बताया जा रहा है कि कलर्स और जियो सिनेमा ने इस बार बिग बॉस ओटीटी का सीजन 3 नहीं लाने का फैसला किया है। इसकी वजह यह है कि हाल ही में बिग बॉस 17 खत्म हुआ है, फिर ओटीटी शुरू हो जाएगा और उसके बाद बिग बॉस 18 आ जाएगा। ऐसे में ऑडियंस बैक टू बैक इसे देख कर ऊब सकती है। ऐसे में इसके मेकर्स थोड़ा गैप लेकर नए सीजन को लाना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक कलर्स या फिर जियो ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अभी तक ओटीटी सीजन 3 शुरू नहीं हुआ है, लेकिन इस सीजन के लिए शीजान खान, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, दलजीत कौर समेत कई कंटेस्टेंट्स के नाम भी सामने आ चुके हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर दिलाई गई मतदान की शपथ

**रायपुर।** नवा रायपुर अटल नगर में शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों और नागरिकों को मतदान के महत्व को बताते हुए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेरा के सदस्य श्री धनंजय देवांगन ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी। लोकतंत्र के महापर्व में सबकी भागीदारी आवश्यक है। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी को मतदान करने तथा कराने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संचालक कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे, विभागीय जांच आयुक्त दिलीप वासनीकर, अपर संचालक जनसंपर्क आलोक देव, औद्योगिक न्यायालय के जज एस एल मात्रे, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, अपाक्स के अध्यक्ष सत्येन्द्र देवांगन, सोजलीफ कोफाउंडर अनिल बनज, विद्युत मंडल के अभियंता राजकुमार सोनकर, विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम सागर कोसले, संतोष कुमार वर्मा व शासकीय संयुक्त कर्मचारी संघ अध्यक्ष देवलाल भारती, कांति सूर्यवंशी सचिव मंत्रालय संघ, प्रीति चौरे, वीरेंद्र मीरचे, राजेश हीरा, आर के पात्रे, शैलेन्द्र बोरकर, हरीश कंवर, शेंडे जी, टेम्बुरने जी, महेंद्र बागडे, बी एल साहू आदि अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने चलाया जागरूकता अभियान

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्रीज रायपुर से पधारे अजय भसीन व टीम के द्वारा एसएसप्लाजा व्यापारियों के साथ मिलकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आम जनता एवम ब्यापारी बंधुओ को वोटिंग के दिशा में जागरूकता अभियान चलाया गया एवम शत प्रतिशत वोटिंग के लिए शपथ लिया गया। इस अभियान में शामिल ब्यापारी बंधुओ ने अपनी उपस्थिति दी। आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद आभार। अजय भसीन ,दिलीप ,सुनील मिश्रा श्रीमति सुषमा जेठानी रायपुर रामसेवक अग्रवाल ,जगदीश सोनी,परसराम रमानी जी,रवि लालवानी ,कवर लाल मनवानी , ष्टद्द चेम्बर कोरबा इकाईचेतन चैधरी ,रूपेश अग्रवाल संजय रमानी बब्बू केशरवानी दीपक मोटवानीरोहित असरानी, राकेश पाहुजा, दिंनु राठौर,मनोज पंजवानी, नीलेश साहेब कलेक्शन,अभिनव सोनी,योगेश गुप्ता, सागर सचदेवा,अनिल असरानी एवम समस्त ब्यापारी बंधुओ ने इस अभियान से जुडकर आमजनो में मतदान जागरूकता अभियान का एक अच्छा संदेश दिया गया।


### स्वीप वारियर्स और स्वीप फाइटर्स की टीम ने क्रिकेट के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**कवर्धा।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और लोगों की निर्वाचन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनूठी पहल की जा रही है। स्वीप अभियान के तहत आज स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता स्वीप वारियर्स और स्वीप फाइटर्स के मध्य खेला गया। जिसमें स्वीप वारियर्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। वही उप विजेता स्वीप फाइटर्स रही। स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी  जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई,  संयुक्त कलेक्टर डॉ मोनिका कौडो, कवर्धा एसडीएम आशीष अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर सहित जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लेकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया। स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता प्रतियोगिता में स्वीप फाइटर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट गवाकर  91 रन बनाए और स्वीप वारियर्स को 92 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्वीप वारियर्स की टीम ने अपने 9 वें ओवर में ही 3 विकेट गवाकर 92 रन का लक्ष्य को पूरा कर लिया और 7 विकेट से विजेता बनी द्य जीत के साथ ही स्वीप वारियर्स की टीम ने सभी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। स्वीप वारियर्स की टीम के कप्तान कलेक्टर मोहबे ने शानदार 22 रन की पारी खेली। बेहतरीन बॉलिंग करते हुए एक विकेट भी झटके और विकेट कीपिंग के पीछे से कैच आउट करते हुए खिलाड़ी को पवेलियन भेजा। इसके साथ ही राहुल की शानदार अर्धशतकीय पारी से स्वीप वारियर्स ने विजय प्राप्त की और मैन ऑफ द मैच चुने गए। इस दौरान विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई। दोनों टीम के खिलाड़ियों को मेडल भी दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने कहा कि स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को सहभागिता निभाते हुए मतदान करना है। 26 अप्रैल को सभी को मतदान केंद्र में जा कर मतदान करना है।

# शराबबंदी की कसम खाने वालों ने बहाई शराब की नदियां: अमित शाह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**खैरागढ़। पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जनसभाओं के बाद रविवार 14 अप्रैल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ जिले के दौरे पर हैं। इस दौरान वे राजा फतेह सिंह मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं।**




अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और भूपेश बघेल पर जमकर हमला बोला। शाह ने कहा कि भूपेश बघेल ने प्रदेश में जमकर भ्रष्टाचार किया है। भूपेश बघेल ने गंगाजल लेकर कसम खाई थी कि शराबबंदी करेंगे, लेकिन राज्य में शराब की नदियां बहा दी। जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में बीजेपी को स्पष्ट बहुमत दिया था ठीक उसी तरह इस चुनाव में भूपेश बघेल को भारी मतों से हराकर घर भेजिए।

अमित शाह ने कहा कि देश में दस साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार रही लेकिन कुछ नहीं किया। हमने धान खरीदी की सीमा बढ़ाई, हमने 3 महीने में मोदी सरकार की कई गारंटी को पूरी की। हमने शुगर फैक्ट्री खोली थी,  जिसे भूपेश सरकार ने बंद कर दिया। हम फिर उसे शुगर फैक्ट्री को फिर से चालू करेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के रहते आरक्षण खत्म नहीं होने वाला। कांग्रेस करना भी चाहेगी तो बीजेपी आरक्षण खत्म करने नहीं देगी। कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी बेटा-बेटी को राष्ट्रपति नहीं बनाया। भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया है।  अमित शाह ने कहा कि कश्मीर हम सबके लिए है। राजनांदगांव के युवक कश्मीर के लिए सीमा पर गोली खाने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस 75 साल से राम मंदिर की मूर्ति को लटका के रखे था। मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में भगवान राम का मंदिर बनवाया। इस राम नवमी पर भगवान राम अपने मंदिर में बर्थडे मनाएंगे।

शाह ने कहा कि हम पूरे देश में यूसीसी लागू करेंगे। पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक समय पर कराएंगे। पानी की तरह नल से गैस कनेक्शन भी देंगे।  अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में आतंकवादी सीमा पार करते थे। मोदी ने दुश्मनों के घर में घुसकर उनका सफाया कराया। उन्होंने लोगों से बीजेपी के पक्ष में मतदान करने और और पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आग्रह किया।

# महावीर जन्मकल्याणक : राहगीरों को शरबत पिलायेंगे जैन समाज के युवा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** बालोद जैन श्रीसंघ एवं भगवान महावीर जन्मकल्याणक समिति द्वारा 15 से 21 अप्रेल तक बालोद के प्रमुख चौक चौराहे पर शीतल पेय जल, शरबत, मठा आदि का वितरण राहगीरों के लिए निशुल्क किया जा रहा हैं। सोमवार को जैन युवा शक्ति के सदस्यों ने बालोद के शहीद वीर नारायण सिंह बस स्टैंड में शरबत वितरण किया।

इस आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बताया कि भगवान महावीर का जन्म जयंती 21 अप्रेल को मनाई जाएगी इसके पहले प्रतिदिन नगर के प्रमुख चौक चैराहो पर भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर शीतल पेय का वितरण राहगीरों के लिए किया जा रहा है। इस आयोजन के लाभार्थी परिवार कुशालचन्द अजय विजय पारख परिवार बालोद (लोहारा) की तरफ किया जा रहा है।

आज के आयोजन में समिति के लक्की जैन निशांत नाहर विनोद श्रीश्रीमाल प्रदीप चोरडिया मुकेश भंसाली मांगीलाल ढ़ेलडिया शुभम नाहटा समकित सांखला शुभम श्रीश्रीमाल सम्भव कोठारी विमल विकास रतनबोहरा रजत श्रीश्रीमाल यश सांखला विनीत चोरडिया दिव्य सांखला दर्शन चोरडिया आदि का इस अवसर पर सराहनीय योगदान रहा।

## देश को विकसित बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है मोदी गारंटी- सोनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर सांसद सुनील सोनी ने कहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने संकल्पपत्र को मोदी की गारंटी-2024 नाम दिया है, क्योंकि मोदी की गारंटी की सभी वादे केंद्र की सरकार ने पूरे किए है।

आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया और कांग्रेस की कुशासन वाली भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। इस बार भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए यहां छत्तीसगढ़ में डबल इंजन वाली सरकार बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की अधिकांश वादों को विष्णुदेव सरकार ने पूरा कर दिया है। भाजपा संकल्प पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है।

सांसद सुनील सोनी ने कहा कि सबका साथ-सबका साथ के मूत्र मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार 10 साल तक एक नए भारत को गढ़ने का काम किया है। यही वजह रही है कि कोरोना काल के आपदा काल और वैश्विक मंदी के बावजूद देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। आने वाले 2029 तक देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र की कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार का इस कदर पूरी व्यवस्था में फैला हुआ था कि विकास के लिए राज्य में आने वाले पैसे की लूट मचती थी। यूपीए की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खोखली हो गई थी। लेकिन मोदी की सरकार ने सरकार ने हर वर्ग के लिए बनाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता का ऐसा सिस्टम विकसित किया, जिसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं बची है। आज हर योजना के लाभार्थी के खाते में सीधे पैसा जाता है। लेकिन जब यही कांग्रेस की सरकार थी, जनता के पैसे को हड़पने का काम इनके नेता करते थे। पीएम मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर कांग्रेस और इसके इंडी गठबंधन के दल अपने झूठे संकल्पपत्र से फिर से जनता को झांसे में लेने के लिए कुचक्र रच रहे हैं। लेकिन जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन दलों के झूठे संकल्प पत्र को नाकार देगी और मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए पीएम मोदी को 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। यहां छत्तीसगढ़ में भी भाजपा 11 की 11 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

## कांग्रेस को ऐसा हराएं कि बघेल दुबारा राजनांदगांव की तरफ नजर उठाकर भी न देख सकें : विष्णुदेव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** लोकसभा के खैरागढ़ में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए है।



प्रदेश की पिछली कांग्रेस सरकार को जनता के साथ धोखाधड़ी करने वाली बताकर श्री साय ने कहा कि 2018 में कांग्रेस ने खूब लोकलुभावन वादे करके प्रदेश की सत्ता हासिल की थी, लेकिन पूरे पाँच साल के शासनकाल में उसने एक भी वादा पूरा नहीं किया। छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार और अपराध का गढ़ बनाकर रख दिया था। घोटालों-पर-घोटाले करने वाली भूपेश सरकार ने गोबर तक में भ्रष्टाचार करके प्रदेश को शर्मसार किया। कांग्रेस के कई नेता और सरकार के कई बड़े अधिकारी इन घोटालों के आरोप में जेल में हैं और उन्हें बेल तक नहीं मिल रही है, उल्टे बेल मांगने पर मा.कोर्ट जुर्माना लगा रहा है। श्री साय ने कहा राजनांदगाँव से कांग्रेस से प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी महादेव एप घोटाले में एफआईआर दर्ज हुई है और उन पर इस एप को संरक्षण देने के नाम पर 508 करोड़ रुपए बतौर प्रोटेक्शन मनी लेने का भी आरोप है। श्री साय ने सभा में हुँकार भरी कि इस बार प्रदेश में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुलने दें और राजनांदगाँव की जनता कांग्रेस को ऐसा हराए कि बघेल दुबारा राजनांदगाँव की तरफ नजर उठाकर भी न देख सकें। अपनी साढ़े तीन माह की भाजपा सरकार के कामकाज का ब्योरा रखते हुए श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने इस छोटी-सी अवधि में मोदी की गारंटी के तहत किए गए अधिकांश वादे पूरे कर दिए हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति दी गई। किसानों को दो साल के बकाया बोनस का भुगतान किया गया।

प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से 3100 रुपए की दर पर रिकॉर्ड 145 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई और किसानों को अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान किया गया। महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह विवाहित महिलाओं के खाते में 1000 रुपए की राशि की दो किश्तें जमा करा दी गई हैं। रामलला दर्शन योजना को तहत प्रदेश के रामभक्तों को नि:शुल्क अयोध्या भेजा गया। सब काम साँय-साँय हुआ है और आगे भी सब काम साँय-साँय होगा। इसलिए कांग्रेस के लोग अब आँय-बाँय बोलकर झूठ फैला रहे हैं। अब प्रदेश की जनता कांग्रेस को पूरी तरह बाय-बाय करने जा रही है। श्री साय ने जनसमूह से भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने धारा 370 को खत्म करके कश्मीर में भारत का संविधान लागू किया। आज देश के किसी भी कोने में बम के धमाकों की आवाज सुनाई नहीं पड़ रही है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व शांति कायम हुई है। भाजपा के रविवार को जारी संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है, 2047 के विकसित भारत का संकल्प पत्र है, छोटे व्यवसायियों के उत्थान की गारंटी है, आधारभूत संरचना के विस्तार का संकल्प पत्र है, जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र तुष्टीकरण की राजनीति का आईना है। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी के सशक्त व सक्षम नेतृत्व में भारत की सामर्थ्य का डंका देश-दुनिया में बज रहा है। कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार पर हमलावर होते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राजनांदगाँव के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल वही हैं जो अपने मुख्यमंत्री रहते प्रदेश के 18 लाख गरीबों का आवास रोका था।  भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहली कैबिनेट में इन आवासों को स्वीकृति देकर मोदी की गारंटी पूरी की।

# सबका साथ-सबका विकास कबीर दास के आदर्शों का प्रतिबिंब : बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। निर्गुण भक्ति और सामाजिक सुधार के प्रणेता संत कबीर दास का जीवन सादगी और त्याग से भरा था। वे जाति-पाति और ऊंच-नीच के भेदभावों के कट्टर विरोधी थे। उनके आदर्शो पर चलकर एक सभ्य समाज की स्थापना की जा सकती है। यह बात रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को आरंग स्थित ग्राम परसकोल में विश्व की सबसे विशाल 41 फीट ऊंची संत कबीर दास की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान कही।**



सभा को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कबीर दास सामाजिक बुराइयों के खिलाफ थे उन्होंने स्त्री शिक्षा और विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया। उनका मानना था कि सभी मनुष्य समान हैं और उन्हें समान अधिकार मिलने चाहिए। भाजपा सरकार भी कबीर साहेब जी के बताए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है। महतारी वंदन, किसान समृद्धि, आवास योजना, उज्ज्वला योजना, 35 किलो मुफ्त राशन समेत सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी जाति-धर्म के आधार पर सभी लोगों को मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा की आने वाले समय में कबीर साहेब के विचारों और उपदेशों को दुनियाभर में फैलाया जायेगा और वसुधैव कुटुम्बकम् की परिकल्पना को पूरा किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर त्रि दिवसीय विशाल सत्संग मेला एवं चौका आरती का भी आयोजन किया गया था। जिसमे पंथ हुजूर अर्धनाम साहेब, धर्माधिकारी सुधाकर शास्त्री साहेब, महंत संतोष साहेब, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, संजय ढीढी, संरक्षक वेदराम मनहरे, किरण बघेल, मिथलेश साहू,सुनील मिश्रा, द्रोपदी, सुंदरलाल साहू, भुनेश्वर साहू, प्रीतम साहू, तामेश्वर साहू, गोविंदराम साहू, भरत साहू, सुंदर साहू समेत हजारों लोग उपस्थित रहे।

### प्रेरणा उत्सव में चित्रकला का आयोजन

**महासमुंद ।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली में थीम आधारित प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें प्रेरणा पोर्टल में पंजीकृत प्रतिभागियों ने विषय आधारित 200 शब्दों में निबंध लेखन,निर्धारित समय में ड्रॉइंग/पेंटिग एवं कविता पाठ में भाग लेकर उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया जिसमें से उत्कृष्टता के आधार पर जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव में शामिल होने मल्टी टैलेंटेड एक छात्र- अभिनंदन प्रधान एवं एक छात्रा- अनुष्का प्रधान का चयन निर्णायक मंडल द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। जिला स्तर चयनितों में से एक उत्कृष्ट छात्र एवं एक उत्कृष्ट छात्रा बड़नगर, मेहसाना (गुजरात) की यात्रा कर मूल्य एवं अनुभव आधारित शिक्षा एवं नवाचार की सीख लेकर लाभान्वित होंगे। महासमुन्द मोहन राव सावंत एवं पी.एम. जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली प्राचार्य प्रशांत रहाटे ने जिले के प्राचार्यों की एक वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देशन किया था जिसका लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (ए.)।** थाना बालको पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर एक युवक को ध्यानचंद चौक यात्री प्रतीक्षालय के पास गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए करीब 1.150 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपी का नाम अनीश मोहम्मद निवासी शिव नगर रुमगड़ा से उक्त नीले रंग के थैला के अंदर एक सफेद पॉलिथीन में रखे 1.150 किलोग्राम गांजा को बरामद किया। थाना बालको में 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। कोरबा पुलिस के द्वारा सजग कोरबा अभियान के तहत नशीली दवाईयों, गांजा, जुआ, सट्टा तथा अन्य अवैध कार्य करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

### केंदई रेंज में हाथियों की सक्रियता, ग्रामीणों में बढ़ा खतरा

**कोरबा (ए.)।** जिले के केंदई रेंज में 39 की संख्या में हाथी तीन अलग-अलग स्थानों पर विचरण कर रहे है। जिससे ग्रामीणों में और भी खतरा बढ़ गया है। हालाकि वन विभाग द्वारा हाथियो की निगरानी मैदानी अमले के अलावा थर्मल ड्रोन कैमरे से कराई जा रही है। बावजूद इसके हाथियों के गांव तक पहुंचने तथा नुकसान पहुंचाए जाने का अंदेशा लगतार बना हुआ है। ग्रामीण बढ़ी संख्या में हाथियों के विचरण करने से भयभीत है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विचरण रत 39 हाथियों में एक चेतक नामक खतरनाक व उत्पाती दंतैल भी शामिल है जो कोरबा बीट अंतर्गत मातिनदाई मंदिर व डंपिंग एरिया के आस-पास सक्रिय है। जबकि रेंज के कापा नवापारा सर्किल में 20 तथा साल्ही पहाड़ में 18 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हालांकि हाथियों के इन दोनों दल ने तत्काल कोई उत्पात मचाया है और न ही बड़ा नुकसान किया है। फिर भी वन विभाग का अमला एतियात के तौर पर सर्तकता बरत रहा है। अमला हाथियों की हर गतिविधियों पर नजर रखने के अलावा ग्रामीणों को मुनादी कराकर सावधानी बरतने को कह रहा है। उनसे अपील की जा रही है कि अनावश्यक वें जंगल में न जाए वहीं भोर में महुआ संग्रहण से भी दूरी बनाए रखे।

### शराब के नशे में मां से मारपीट, पुत्र जेल दाखिल

**कोरबा (ए.)।** शराब पीने के बाद हर दिन मां से मारपीट करने वाले कलयुगी पुत्र को सीएसईबी चैकी पुलिस ने कोरबा सिटी मजिस्टेट न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जिला जेल दाखिल कर दिया।

जानकारी के अनुसार किशोर कुमार महंत 35 पिता स्व. महावीर प्रसाद महंत निवासी कोहड़िया सीएसईबी चौकी कोरबा पूर्व विगत कुछ माह से शराब पीने के बाद बौरा जाता था। यहां तक की लगातार उसके साथ मारपीट करते हुए प्रताड़ित करने लगा, जिसके कारण इसकी गतिविधियों से परिवार के लोग परेशान रहने लगे। अंतत: उक्त युवक की हरकतें कुछ ज्यादा ही बढ़ गई तो इसकी शिकायत सीएसईबी चौकी पहुंचकर प्रभारी भीमसेन यादव से उसकी मां ने किया। सुमित्रा महंत 65 वर्ष ने करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई। बताया जाता है कि कलयुगी पुत्र द्वारा आये दिन प्रताड़ित करने और मारपीट किये जाने की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए जांच के उपरांत सीएसईबी चौकी पुलिस ने आरोपी को धारा-151 के तहत गिरफ्तार कर लिया, जिसे सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय पेश किया गया।

# कारोबारी से किया एक करोड़ से ज्यादा का फ्रॉड

## प्राफिट शेयरिंग का झांसा देकर निवेश कराया और हड़प लिए रुपए

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** जामुल थाना क्षेत्र में कारोबारी से एक करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दरअसल कोरोबारी को एक अन्य फर्म के डायरेक्टर्स द्वारा बिजनेस पार्टनर बनाया गया और उसके बाद अलग अलग किश्तों में राशि निवेश कराया। राशि निवेश कराने के बाद अचानक अनुबंध तोड़ दिया और न तो निवेश की राशि वापस की और न ही लाभ का पैसा उसे दिया। यही नहीं दूसरे फर्म के डायरेक्टर्स द्वारा एक चेक भी दिया गया। जिस बैंक का चेक दिया उस बैंक में उसका खाता भी बंद करा दिया। इस पूरे मामले में कारोबारी ने दस्तावेजों के साथ जामुल थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत जामुल पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ धारा 34, 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

जामुल पुलिस के अनुसार फौजी नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी किशनू मिश्रा मेसर्स ब्रूनो ब्रेवरेजेस नाम की कंपनी में पार्टनर है। उसने अपनी शिकायत में बताया किया मेसर्स स्कॉटमेद एल्को बेव फिल्लर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर 7ए, स्ट्रीट नंबर 20, सेक्टर-5 अनूप सहाय व सोनिका सहाय तथा ए-27, सूर्या विहार, जुनवानी निवासी शशि आनंद द्वारा कंपनी की ओर से अधिकृत होकर मेरे ब्रोनो ब्रेवरेजेस के साथ 5 जनवरी 2018 को एक अनुबंध किया। अनुबंध के तहत संयुक्त रूप से लाभ बंटवारे पर सहमति बनी। इसके बाद किशनु मिश्रा द्वारा 12 फरवरी 2018 से 9 अप्रैल 2018 तक कुल 39 लाख 78 हजार 711 रुपए अनुप सहाय के खाते में ट्रांसफर किए। इसके बाद दोनों ने अपने अपने खाते से 99-99 हजार रुपए निवेश किया। इसके अलावा अनुप सहाय द्वारा अतिरिक्त प्रोडक्शन कॉस्ट एवं अन्य मदो के नाम पर 27 लाख 56 हजार 570 निवेश कराया। इस तरह किशपु मिश्रा ने साथ में व्यापार करने के लिए कुल 69 लाख 33 हजार 281 रुपए का निवेश किया गया।

### पुराने अनुबंध को निरस्त कर नया बनाया

किशनु मिश्रा ने अपनी शिकायत में बताया कि कुछ समय तक काम करने के बाद अनुप सहाय द्वारा पुराने अनुबंध को निरस्त कर 3 जुलाई 2018 को एक नया अनुबंध किया गया। साथ ही निवेश की राशि को कम कर 59 लाख 93 हजार 970 रुपए कर दिया। इसके बाद भी किशनु मिश्रा द्वारा साथ में व्यापार करने के लिए इसे मान लिया। इसके बाद 31 दिसंबर 2018 को अचानक तीनों ने किशनु मिश्रा से अनुबंद निरस्त कर दिया। अनुबंध निरस्त करने के बाद इमेल जरिए उसके द्वारा निवेश की गई राशि 59 लाखा 93 हजार 970 रुपए 6 माह के भीतर वापस करने तथा इस बीच जनवरी 2019 से 1 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज देने की सूचना दी। सुरक्षा के लिए भारतीय स्टेट बैंक का एक चेक क्रमांक 651503 दिया।

### प्लानिंग के साथ हड़पी निवेश व लाभ की राशि

किशनु मिश्रा ने बताया कि उसने अनुप सहाय व उसके साथियों की फर्म को खाली बॉटल की सप्लाई करता था। उनके द्वारा खाली बॉटल की कुल राशि 1 लाख 41 हजार 192 रुपए का भुगतान भी नहीं किया गया। किशनु मिश्रा ने बताया कि तीनों ने मिलकर उसकी गई निवेश की गई राशि 69 हजार 33 लाख 281 रुपए, व्यापार के लाभ की राशि 66 लाख 7 हजार 892 रुपए तथा खाली बॉटल की सप्लाई की राशि 1 लाख 41 रुपए 192 रुपए कुल 1 करोड 36 लाख 82 हजार 365 रुपए हड़प ली। किशनु मिश्रा ने बताया कि उसने अपने रुपए लेने के लिए तीनों से कई बार मेल व फोन के लिए मिन्नते कीं। हमेशा टाल मटोल करते रहे लेकिन आज तक रुपए वापस नहीं मिले।

### बैंक चेक भी निकला फर्जी

किशनु मिश्रा ने बताया कि तीनों ने एक राय होकर जो चेक (651503) दिया गया था उससे संबंधित बैंक में खाता भी बंद करा दिया। अब तो तीनों ने रुपए देने से ही मना कर दिया। रकम मांगने पर अपनी ऊंची प्रशासनिक एवं राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर मुझे देख लेने एवं झूठे केस में फसाने की धमकी दी गई। उसने बताया कि स्कॉटमेन एल्को बेव फिलर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर अनूप सहाय, सोनिका सहाय एवं शशी आनंद योजना के तहत एक राय होकर द्वारा किशनु मिश्रा की निवेश की राशि 69 हजार 33 लाख 281 रुपए, व्यापार के लाभ की राशि 66 लाख 7 हजार 892 रुपए तथा खाली बॉटल की सप्लाई की राशि 1 लाख 41 रुपए 192 रुपए कुल 1 करोड 36 लाख 82 हजार 365 रुपए छलपूर्वक हड़प लिया है। किशनु मिश्रा की शिकायत पर तीनों के खिलाफ धारा 34, 420 के तहत अपराध दर्ज कर जामुल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# फरार होने वाला था कांग्रेसी नेता

## पुलिस ने किया गिरफ्तार, आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

**बिलासपुर (ए.)।** कांग्रेस नेता अकबर को सरकंडा पुलिस ने तिफरा थाना क्षेत्र के देवनन्दन नगर स्थित घर से गिरफ्तार किया है। अपराध दर्ज होने के बाद कांग्रेस नेता फरार चल रहा था। अकबर खान के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर दो अपराध दर्ज है। मामले में पुलिस ने चांटीडीह निवासी रज्जब अली की सुसाइड नोट के हवाले से कांग्रेस नेता तैयब और अकबर के खिलाफ अपराध दर्ज किया था।



प्राप्त जानकारी के अनुसार चांटीडीह निवासी कांग्रेस नेता रज्जब अली ने 4 अक्टूबर 2023 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। छानबीन के दौरान तत्कालीन समय पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया। मृतक रज्जब अली ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम एक सुसाइड नोट लिखा था। सुसाइड नोट में रज्जब अली ने अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर ना केवल चिंता जाहिर किया। बल्कि मुख्यमंत्री से परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस पूछताछ में रज्जब अली के परिजनों ने कांग्रेस नेता अकबर खान और तैयब हुसैन पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। जांच पड़ताल के बाद सरकन्डा पुलिस ने कांग्रेस नेता अकबर खान और तैयब हुसैन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया। अपराध दर्ज होने के बाद अकबर और तैयब फरारी पर चल रहे थे। इस दौरान पुलिस दोनो फरार कांग्रेस नेताओं की तलाश कर रह थी।

रविवार 14 अप्रैल को सरकंडा पुलिस को मुखबीर से जानकारी मिली कि अकबर खान अपने परिवार के साथ देवनंदन नगर स्थित घर में छिपा है। जानकारी मिलते ही सरकंडा थाना प्रभारी और डीएसपी रोशन आहूजा ने अपनी टीम के साथ अकबर के घर में धावा बोला। टीम ने कांग्रेस नेता को धर दबोचा। रोशन आहुजा ने बताया कि बहरहाल फरार दूसरे आरोपी तैयब की तलाश की जा रही है।

### दो मामले में अकबर पर अपराध दर्ज

अकबर के खिलाफ थाना में दो अपराधिक प्रकरम कायम है। इसमें एक मामला रपटा चौक चांटीडीह निवासी रज्जब अली का है। 4 अक्टूबर 2022 की सुबह रज्जब अली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। व्यवसायी के बेटे अरमान उर्फ हमाम अली ने पुलिस को बताया कि रपटा चौक स्थित दुकान की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। दुकान के पास जमीन को खरीदने के लिए कांग्रेस नेता अकबर खान और तैय्यब हुसैन ने सौदा किया। इसके बाद अकबर और तैय्यब ने दुकान वाली जमीन को खाली करने का दबाव बनाया।

उसके पिता पिता रज्जब अली ने विरोध किया। मामले में उसके पिता को दोनो कांग्रेस नेताओं ने प्रताडित करना शुरू कर दिया। शिकायत पर तत्कालीन एसपी ने एएसपी सिटी को जांच के आदेश दिए थे। जांच के बाद पुलिस ने अबकर खान और तैय्यब हुसैन के खिलाफ धारा 306 के तहत जुर्म दर्ज किया।

### गिरफ्तारी के भय से था फरार

मामले में गिरफ्तारी से बचने को लेकर तैयब और अकबर फरार चल रहे थे। पुलिस भी दोनो आरोपियों की गंभीरता से तलाश कर रही थी। मामले में एडिश्नल एसपी उमेश कश्यप ने बताया कि अकबर को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। जल्द ही फरार तैयब को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बहरहाल मुखबीर की सूचना पर तैयब की गतिविधियों पर पुलिस की लगातार नजर है।

# वीआईपी कैफे में युवाओं को परोस रहे थे हुक्का, आधी रात पड़ी पुलिस की रेड



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास स्थित वीआईपी कैफे में युवाओं को हुक्के में नशे का सामान परोसा जा रहा है। शनिवार को आधीरात पुलिस ने रेड मारी तो अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने यहां का हुक्का का कश ले रहे युवाओं को समझाइश देकर छोड़ा और कैफे में हुक्का परोसने वाले कांट्रेक्टर कॉलोनी निवासी प्रांशु गुप्ता व ऋषभ गुप्ता को गिरफ्तार किया। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में फ्लेवर व हुक्का जब्त किया है।

दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वीआईपी कैफे में अवैध रूप से हुक्का पिलाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने प्लानिंग के तहत कार्रवाई की। पहले अपने दो सिपहियों को सिविल ड्रेस में भेजा और उसके बाद दबिश दी। मौके से पुलिस ने प्रांशु गुप्ता एवं ऋषभ गुप्ता को पकड़ा। मौके से पुलिस ने 4 हुक्का पाट, 16 तम्बाकू युक्त विभिन्न कंपनियों के फ्लेवर, 50 सिम, 15 आईडीएफसी बैंक के चेकबुक, 1 नग लेपटाप, 3 नग मोबाइल जब्त किया।

पुलिस ने बताया कि कैफे में शासन से प्रतिबंधित तम्बाकू युक्त विभिन्न कंपनियों के फ्लेवर युक्त हुक्का पाट के माध्यम से लोगों को पिलाया जा रहा था। आरोपियों से बारीकी से पूछताछ करने पर बताया कि 50 सिम फर्जी रूप से अन्य व्यक्तियों के नाम से बिना उनके जानकारी के खरीद लिया था। 15 बैंक एकाउंट चेक भी अन्य व्यक्तियों के नाम से सट्टा के कारोबार के लिए धोखाधड़ी फर्जी तरीके से खुलवा रखा था। खाताधारकों को धोखे में रखकर उनके एटीएम और चेक बुक को अपने पास रख लिये थे। आरोपी ऋषभ गुप्ता के विरूद्ध वर्ष 2023 में भी सोनीपत (हरियाणा) में भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा जा रहा है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक अमित अंदानी, एएसआई राजेश सिंह, प्रधान आरक्षक उपेन्द्र सिंह, आरक्षक विकास तिवारी, कपिल चौधरी, अजीत सिंह, विशाल सिंह, विक्रम भदौरिया का विशेष योगदान रहा।

### सेना के जवान की सड़क हादसे में हुई मौत



**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में सेना के जवान की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। वापस ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए वह अपने दोस्त के साथ फ्लाइट की टिकट बुक कराने बिलासपुर जा रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन की ठोकर से जवान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल है जिसका सिम्स में इलाज जारी है। इधर हादसे में मृत जवान को बिलासपुर के आर्मी कैंप में ससम्मान अंतिम विदाई दी गई। मिली जानकारी के अनुसार पेंड्रा थाना क्षेत्र के बस्ती बगरा गांव निवासी महेंद्र सिंह पुत्र राम नारायण वाकरे आर्मी में कार्यरत थे। सन 2016-17 से फौज की नौकरी कर रहे थे। वर्तमान में वे उत्तर भारत में श्रीनगर के आर्मी सिग्नल रेजीमेंट में बतौर सिपाही के पद पर पदस्थ थे। वह परिवार के शादी कार्यक्रम में शामिल होने छुट्टी लेकर अपने गृहग्राम बस्ती बगरा आया हुआ था। वापस ड्यूटी ज्वॉइन करने अपने दोस्त सुबोध सिंह के साथ बाइक से बिलासपुर जा रहा था। दारसागर मोड़ के पास विपरित दिशा से आ रही अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में घटनास्थल पर ही महेंद्र की मौके पर मौत हो गई। वहीं, दोस्त सुबोध को गंभीर हालात में सिम्स बिलासपुर इलाज के लिए भेजा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही जवान के गृहग्राम बस्ती बगरा में मातम पसर गया। घटना की जानकारी आर्मी के बड़े अधिकारियों को दी गई, जिस पर बिलासपुर के आर्मी कैंप से जवान मृतक के गृहग्राम बस्ती बगरा पहुंचकर सड़क हादसे में मृत महेंद्र सिंह वाकरे को ससम्मान अंतिम विदाई दी।

## घर में पाइप के जरिए छत से घुसा था चोर

# कुम्हारी में लाखों की चोरी, पुलिस की गिरफ्त में शातिर चोर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में हुई लाखों की चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात व नगदी मिलाकर कुल 13 लाख का मशरुका बरामद किया है। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग व थाना कुम्हारी की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी पकड़ाया है।

बता दें शनिवार को कुम्हारी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी सुमित चौधरी ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका और उसके भाई का परिवार पूजा में शामिल होने 6 अप्रैल को ओडिशा गए थे। 11 अप्रैल को सुमित चौधरी लौट गया लेकिन बसंत चौधरी नहीं लौटा। रात को सुमित चौधरी अपने भाई के घर गया तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद वह कमरे में गया जहां अलमारी का ताला टूटा हुआ था। उसने अपने बड़े भाई बसंत चौधरी को फोन कर इसकी जानकारी दी।

दूसरे दिन भाई लौटा और इसके बाद चोरी का आंकलन किया गया। अज्ञात चोर ने घर से 2 सेट गले का हार (कान के झूमके, टाप्स के साथ), एक पांच लड़ी वाला चेन, 7 सेट कान के टाप्स, कान के टाप्स लाकेट के चैन के साथ, 3 सोने कि चेन (एक में लाकेट), 3 सोने की अंगुठी, 1 सोने का सिक्का, 6 छोटे सोने के आइटम, 10 चांदी का सिक्के, 1 चांदी की पायल और 65 हजार नगदी चुरा ले गया। शिकायत पर थाना कुम्हारी में अज्ञात के खिलाफ धारा 457,380 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त नकबजनी की घटना को अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय, जितेन्द्र शुक्ला द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर माल बरामद कर उनकी गिरफ्तारी करने निर्देश मिले। इसके बाद एएसपी (क्राईम) ऋचा मिश्रा, डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में एवं एण्टी क्राईम सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय व थाना प्रभारी निरीक्षक जेआर कुर्रे के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर चोर की तलाश में लगाया गया। इस बीच टीम ने आसपास के सीसी टीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर भी लगा रखे थे। इस दौरान घटना स्थल के आसपास एक व्यक्ति की उपस्थिति दिखाई दी जिसकी गतिविधियां संदिग्ध दिखी। इसके आधार पर उस संदिग्ध व्यक्ति की पहचान महेन्द्र साहू निवासी खदानपारा कुम्हारी के रूप में की गई। महेन्द्र साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पहले गुमराह करता रहा लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सूने मकान में उसने पानी के पाईप के जरिये पहले छत पर पहुंचा और उसके बाद सीढ़ी के टावर में लगे लकड़ी के दरवाजे में लोहे के राड़ से छेद कर दरवाजे की कुंडी को खोली। सीढ़ी से नीचे पहले माले में स्थित कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात को एक बैंग में भरकर शिकायत कर्ता के घर के पीछे ही झाड़ियों में छिपा दिया और नगदी रकम अपने पास रखकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर सोने व चांदी के जेवर बरामद कर लिए। वहीं नगदी रकम गुम हो जाना बताया। इस पूरी कार्रवाई में एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग से एएसआई शमित मिश्रा, प्रधान आरक्षक मुरली कश्यप, आरक्षक रिंकू सोनी, राकेश अन्ना, राकेश चौधरी, अजय गहलोत व थाना कुम्हारी से आरक्षक राजकुमार सिंह, बंटी सिंह, विजय धुरंधर की उल्लेखनीय भूमिका रही।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403100400348**

विषय :- अ-6 अ मामले की श्रेणी: राजस्व सन्:- 2023-2024
कुरूद प.ह.नं. 00046 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदन पक्षकार- सुब्रत मोदक व अन्य 01,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

आवेदक सुब्रत मोदक पिता चितरंजन मोदक व अन्य 01 उम्र, निवासी सुभाश नगर नंदिनी रोड भिलाई, जिला-दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम कुरूद, प.ह.नं. 46 स्थित भूमि खसरा नं. 1586/1637/19 रकबा 2400 वर्गफीट जिसे आवेदक ने क्रय कर भूमि का नामांतरण करा कर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है किंतु ऑनलाईन में आवेदक का नाम दर्ज ना होकर विक्रेता का ही नाम दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है का लेख करते हुए नाम दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/04/2024 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243



Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता


कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### स्वावलंबी भारत अभियान के प्रशिक्षण शिविर में पहुचें आरएसएस के पूर्व प्रांत संघ चालक बिसराराम यादव



**भिलाई।** स्वावलंबी भारत अभियान के तहत् स्व.नौबतराम जी गोयल (इन्डियन इस्पात ग्रुप रायपुर) की स्मृति दुर्ग जिले के कुम्हारी नगर के खूबचंद बघेल वाचनालय कुर्मी भवन महामाया पारा रोड वार्ड नंबर 04 कुम्हारी शासकीय सामुदायिक हॉस्पिटल के पास कुम्हारी की महिलाओं को पेपर कवर लिफाफे और फाइल बनाने का 6 दिवसीय प्रशिक्षण में आज राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रांत संघचालक बिसराराम यादव, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, शंकर बजाज, मनोज मिश्रा, संघ के दुर्ग जिला कार्यवाह सुनील पटेल, अमलेश्वर नगर के कार्यवाह प्रकाश कश्यप ने पहूँचकर उपस्थित महिलाओं का हौसला बढ़ाया। इसी कड़ी में बिसराराम यादव ने कहा की जो भी आप प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है उसके उत्पादों की गुणवत्ता का ध्यान रखे ताकि आपको एक बार ऑर्डर मिलने के बाद पुनः आर्डर मिले इसी कड़ी में चेम्बर के प्रदेश महामंत्री ने उपस्थित महिलाओं को कहा की आप सामान बनाये इसके लिए हम आपके तथा व्यापारियों के बीच एक सेतु का काम करेंगे। इसी तारतम्य में स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने बताया सम्पूर्ण प्रदेश में इस प्रकार के प्रशिक्षण को शुरू करने के लिए उधमी जन अपने परिजनों की स्मृति में शुरू करने के लिए लगातार संपर्क कर रहे है, इसके लिए बड़ी रूप रेखा बनाई जा रही है शहर से दुर के ग्रामो में इस प्रकार के शिविर पर ज्यादा फोकस कर उन्हें स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### स्कूल बसों की जांच : 11 बसों में खामियां, 8500 रुपए का लगाया जुर्माना

**भिलाई।** रविवार को परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने स्कूल बसों की जांच की। इस दौरान 13 शैक्षणिक संस्थानों के 151 बसों की जांच की गई। इसमें से 11 बसों में खामियां पाई गईं। 3 बसों में स्पीड गवर्नर नहीं था तो 5 में आग बुझाने वाला यंत्र। बिना, इंडीकेटर, बिना कैमरा और बिना वाइपर के 1-1 बस मिले। इनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। इसके बाद बसों के चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही लापरवाही पूर्वक वाहन नहीं चलाने को कहा गया है। खामियों वाले बसों पर 8500 रुपए शमन शुल्क लिया गया। विभाग द्वारा कुल 22 बिंदुओं पर बसों की जांच की गई: सुप्रीम कोर्ट से जारी गाइड लाइन के अनुसार स्कूल बसों की जांच 22 बिंदुओं पर की गई। जांच के दौरान सबसे पहले वाहनों का पंजीयन किया गया। फिर दस्तावेजों की जांच की गई। इसमें पंजीयन, परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण नियंत्रण, रोड टैक्स, ड्राइवर का लाइसेंस सहित अन्य चीजों की जांच की गई।

# हस्तकला व चित्रकारी में दिखा बच्चों का टैलेंट

## बच्चों में कला और रिसाइकिलिंग को बढ़ावा देने युवोदय दुर्ग दूत की पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। बच्चों में कला, रिसाइकिलिंग व सृजनात्मकता को बढ़ावा देने युवोदय दुर्ग दूत के वालंटियर्स ने ग्राम करगाड़ीह में बच्चों के लिए एक रोमांचक सत्र आयोजित किया। यह सत्र चित्रकला और हस्तशिल्प जैसी रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित था। इस सार्वजनिकता का उद्देश्य न केवल बच्चों की कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करना था बल्कि उन्हें पुनर्चक्रण और सृजनात्मकता के मूल्यों को समझाना था। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन और युवोदय नोडल अजय शर्मा, जिला समन्वयक शशांक शर्मा के निर्देशन में युवोदय दुर्ग दूत ने यह पहल की।**





सत्र के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। अपनी कलात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए और सीखने के लिए उत्सुकता दिखाई। उन्होंने रिसाइकिलिंग की सामग्री का उपयोग करके शानदार कलाकृतियां बनाई। जिससे बच्चों ने सामग्री को रिसाइकिलिंग करने की जरूरत को समझा। युवोदय के वालंटियर ने बच्चों के उत्साह और सृजनात्मकता पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमें खुशी है कि ये बच्चे कला और रिसाइकिलिंग दोनों को कैसे ग्रहण करते हैं। उनकी नवाचारी विचारधारा और समर्पण ने हमें सहमति दिलाई है।

बच्चे, विभिन्न आयु समूहों में अलग-अलग गतिविधियों में सक्रिय रहे और अपनी अद्वितीय कलाओं और कल्पनाओं का प्रदर्शन करते हुए। माता-पिता और समुदाय के सदस्य भी पहल की सराहना करते हुए, बच्चों के विकास और पर्यावरण सचेतना में सकारात्मक प्रभाव को पहचानते हैं।

इस तरह की पहल के माध्यम से युवोदय स्वयं सेवको द्वारा निरंतर बच्चों से युवाओं को सशक्त बनाते हैं। युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं और सभी के लिए एक उज्जवल और अधिक सामर्थ्यवान भविष्य बनाते हैं। इसी कड़ी में करगाडीह गांव युवोदय कार्यक्रम से लाभांवित हुआ। इसमें छात्रों ने रुचि दिखाई और स्वयंसेवक के रूप में इसमें शामिल हुए। स्वयंसेवकों ने गांव के सामने आने वाले सभी सामाजिक मुद्दों के लिए सत्र आयोजित करने के बारे में सोचा, उन्होंने अपना पहला कदम उठाया, बहुत ही अनुग्रह और उत्साह के साथ अपने गांव की बेहतरी के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया, वे बच्चों के साथ शुरुआत करना चाहते थे क्योंकि वे गांव का भविष्य हैं।

### 3 से 15 वर्ष तक के बच्चे हुए शामिल

करगाडीह गांव के सरपंच घनश्याम गजपाल से अनुमति और सहायता लेकर उन्होंने बच्चों को पाठ्येतर गतिविधियां सिखाना शुरू किया, स्वयंसेवक हिमानी और तुमेश्वरी चंदेल ने 3-5 वर्ष की आयु के बच्चों को विभिन्न प्रकार की चित्रकारी के बारे में सिखाया, स्वयंसेवक साक्षी बांधे और आरती यादव ने 5-10 वर्ष की आयु के बच्चों को अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करके शिल्प के बारे में सिखाया, स्वयंसेवक भूमिका और चंचल ने 10-15 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों को शिल्प के बारे में सिखाया, 50 से अधिक बच्चे उस सत्र में शामिल हुए जिनमें ज्यादातर 5-12 वर्ष की आयु के थे और हर बच्चे ने गतिविधियां करने में रुचि दिखाई। स्वयंसेवकों ने बच्चों से बातचीत की और प्रतिक्रिया के रूप में बच्चों ने उनसे हर हफ्ते नई चीजें सीखाने की मंशा जताई। स्वयंसेवकों से शिल्प के लिए जो भी चीजें आवश्यक थीं, उनके बारे में पूछा, जब माता-पिता अपने बच्चे को लेने के लिए पहुंचे तो स्वयंसेवकों ने उन्हें कला और शिल्प के हर पहलू को दिखाया। माता-पिता ने सत्र के प्रति प्यार और रुचि दिखाई और स्वयंसेवकों का समर्थन किया। स्वयं सेवकों ने भी समय समय पर आकर सृजनात्मकता के साथ कार्यक्रम का आयोजन करने अपनी सहमति जताई।

# संयंत्र बिरादरी ने डॉ आम्बेडकर को अर्पित किए श्रद्धासुमन

## बीएसपी एससी, एसटी कर्मचारी एसोसिएशन की स्मारिका नया सवेरा का भी हुआ विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग, ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ एवं बीएसपी एससी, एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में, 14 अप्रैल 2024 को इस्पात नगरी के सेक्टर 6 स्थित डॉ भीमराव आम्बेडकर भवन, हायर सेकंडरी स्कूल के प्रांगण में डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने डॉ आंबेडकर की प्रतिमा को पुष्पांजलि देकर इस्पात बिरादरी की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।**





जयंती समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में और कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप एवं कार्यपालक निदेशक बी के गिरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इसके साथ ही संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले और मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, सेफी के चेयरमैन और ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर, महाप्रबंधक जे एन ठाकुर, बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद और महासचिव विजय कुमार रात्रे विशेष रूप से मंचासीन थे। परम्परागत रूप से डॉ आंबेडकर की चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने डॉ भीमराव जी का स्मरण करते हुए कहा, कि आज उनका जन्मदिन है और सिर्फइसलिए हम उनका स्मरण करें यह सही नहीं है। आंबेडकर जी का स्मरण और उनकी बताई हुई शिक्षा को हमें हमेशा याद करना चाहिए। उनका स्मरण हर दिन करना चाहिए, यही उनको एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि इस देश में जितने भी श्रम कानून और समाज अधिकार के लिए बनने वाले कानून है, वह डॉ आंबेडकर जी की ही देन है। वे हमेशा समान अधिकार के लिए प्रयासरत रहे हैं इसलिए उन्हें हमेशा याद रखा जाना चाहिए। हमे भी आने वाली पीढ़ी को जो भारत का भविष्य है, उन्हें इससे पृथक रखने का प्रयास करना चाहिए और उन्हें एक बेहतर इंसान बनाने की कोशिश होनी चाहिए। बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने सम्बोधित करते हुए कहा, कि आज हम बाबा साहब की 133वीं जयंती मना रहे हैं। कोमल प्रसाद ने भिलाई इस्पात संयंत्र एससी/ एसटी कर्मचारी एसोसिएशन को संयंत्र से मिलने वाले सहयोग की चर्चा करते हुए, एक लाइब्रेरी कम संग्रहालय बनाए जाने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने संयंत्र से और भी सहयोग की अपेक्षा करते हुए प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए, एसोसिएशन की उपलब्धियों पर चर्चा की और सभा को भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से अवगत कराया। प्रारम्भ में संदीप माथुर ने समारोह में सबका अभिनंदन और स्वागत करते हुए भारतीय समाज में डॉ आंबेडकर के योगदान का स्मरण कर आदरांजलि अर्पित की। इसके बाद सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 10 की छात्रा श्रणया दास ने हिंदी में और सुश्री समीक्षा झा ने अंग्रेजी में विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक एवं भारत के संविधान निर्माता डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अतिथियों द्वारा, बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन की स्मारिका नया सवेरा का विमोचन किया गया। इसी कड़ी में एससी/एसटी के मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया। इसमें नम्रता मोहे, सुश्री प्रेरणा तारमजी, सुश्री नमिता, सुश्री एकता ध्रुव और मेघराज तारमजी को मेधावी बच्चों के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन और भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा संयुक्त निदेशक डॉ उदय कुमार को डॉ भीमराव आंबेडकर की फिल्म में कार्य करने और डॉ आंबेडकर के व्यक्तित्व को सार्थक करने के लिए डॉ आंबेडकर सम्मान 2024 से तथा बीएसपी एससी/एसटी कर्मचारी एसोसिएशन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक जे एन ठाकुर को डॉ आंबेडकर सम्मान 2024 से सम्मानित किया। इस पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन सुप्रियो सेन द्वारा किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एस के केसकर द्वारा दिया गया।



## जिला प्रशासन ने मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सेंचुरी वोटिंग क्रिकेट मैच का किया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला प्रशासन दुर्ग ने नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए सेंचुरी वोटिंग मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया। यह मैच पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में खेला गया। इस एक-दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का मकसद दुर्ग की जनता को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था, विशेष रूप से आगामी लोकसभा निर्वाचन में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान करने की अपील की गई।

मैच कलेक्टर एकादश और नागरिक एकादश टीमों के बीच खेला गया, जिसमें उत्साही भागीदारी देखने को मिली। शहर एकादश ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, 15 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कलेक्टर 11 ने एक बॉल शेष रहते 1 विकेट से इस उत्साहजनक प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। इस मैच की सबसे रोचक बात यह थी कि इस मैच में कुल तीन अर्धशतक और एक हैट्रिक भी लगी। आईजी दुर्ग श्री आर जी गर्ग ने इस मैच में हरफनमौला प्रदर्शन दिखाया।

बल्ले से छक्के, चौके जड़ते हुए उन्होंने 51 रनों की पारी खेली और तीन ओवर की किफायती गेंदबाजी कर एक विकेट भी झटका। नागरिक एकादश की ओर से इस मैच में डॉक्टर अनीश और डॉक्टर नितिन वैद्य ने अर्धशतक जमाए। नागरिक एकादश की ओर से यूनिसेफ जिला समन्वयक शशांक शर्मा ने आईजी गर्ग सहित चार कैच लपके। आखिरी ओवर तक खेले गए इस मैच में आखिरी पांच बॉल बेहद रोचक रहे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर अग्निशमन जवानों का भव्य प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बीएसपी के अग्निशमन विभाग में 14 अप्रैल को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। हर साल होने वाले अग्नि दुर्घटनाओं में लोगों की जान बचाते हुए अपनी प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु, प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और इसके प्रति सजगता बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस 2024 का स्लोगन ''अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें रखा गया है।**





14 अप्रैल 1944 को मुम्बई डॉक यार्ड में हुई भीषण अग्नि दुर्घटना को बुझाते हुए 66 अग्निशमन वीरों ने आग से जूझते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। 14 अप्रैल राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस को बलिदान और शौर्य के इस पल को यादगार बनाए रखने तथा प्रतिवर्ष राष्ट्र की जन-धन की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले अग्निवीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा के लिए जनता में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 14 अप्रैल को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस समारोह में अग्निशमन जवानों की शानदार परेड, अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त अग्निशमन वाहनों, यंत्रों तथा सुरक्षा उपकरणों के इसके साथ साथ छोटी छोटी लापरवाहियों के कारण होने वाले अग्नि दुर्घटनाओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया।

संयम, एकाग्रता और अनुशासन के परिचायक इन अग्निशमन जवानों द्वारा किया गया यह प्रदर्शन इस समारोह में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। परेड से पहले मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने, अग्निशमन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद अग्निशमन जवानों द्वारा राष्ट्र और संयंत्र के प्रति पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करने की शपथ ली गई। इस परेड में दो प्लाटून शामिल थे, जो सिरमोनियल किट में थे। इसके साथ ही मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। दर्शकों के लिए सीढ़ी ड्रिल, प्राथमिक चिकित्सा अग्निशमन डेमो, एएफ्टी टैंक आग, गृह सुरक्षा, रसोई आग, पार्टी आग, केबल सुरंग, ट्रांसफार्मर तेल आग, प्रोपेन भंडारण टैंक आग, और हाई एक्सपांशन फोम सहित जानकारीपूर्ण और दिलचस्प अग्नि सुरक्षा का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता उपस्थित थे। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण रॉय भल्ला, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बी के महापात्रा, सेफी के चेयरमैन एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एन के बंछोर, ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह सहित संयंत्र बिरादरी से मुख्यमहाप्रबंधक प्रभारीगण, मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, मीडियाकर्मी, संयंत्रकर्मी एवं उनके परिवारजन सहित भारी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा, कि उत्पादन के साथ-साथ अग्नि सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दें। हम सभी को समर प्रिपरेशन प्लान, मानसून प्रिपरेशन प्लान को गंभीरता से लेना चाहिए। जिससे किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने के लिए हम सदैव तैयार रहें। हमें उच्च स्तरीय हाउस कीपिंग, फायर प्रिवेंशन, समय समय पर फायर सेफ्टी प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे अग्नि दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न ही ना हो। हम सभी को फायर प्रिवेंशन एवं अच्छे रख रखाव को अपनी दैनिक क्रिया से जोड़ लेना चाहिये, ताकि शून्य अग्नि दुर्घटनाओं के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें एवं उत्पादन को बनाएं रखें। उन्होंने कहा, संयंत्र के अग्निशमन परिवार ने राष्ट्रीय सम्पत्ति एवं जनधन की रक्षा करने में अपना बहुमुल्य योगदान दिया है, जिसके लिए मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूँ और इस कार्य को सदैव समर्पण भाव से करने के लिए प्रेरित करता हूँ।

इस मौके पर कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) तापस दासगुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक शॉप में कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्राथमिक अग्निशामक उपकरणों का उपयोग एवं प्रचालन की जानकारी होना आवश्यक है। जिससे आग पर प्राथमिक स्थिती में संयंत्र कर्मियों द्वारा आसानी से काबू पाया जा सकें एवं बड़ी अग्नि दुर्घटनाओं को समय रहते रोका जा सकें। प्रत्येक शॉप में यदि हाउस कीपिंग, अग्नि निवारण निरीक्षण बार-बार किए जाएं एवं आग लगने के संभावित कारणों को दूर किया जाए, तो निश्चित रूप से अग्नि दुर्घटनानयें कम हो सकती है। जिससे हम शून्य अग्नि दुर्घटनाओं के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, निश्चित रूप से यह कार्य कठिन है, परन्तु असंभव नहीं।

मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण रॉय भल्ला ने अपने स्वागत भाषण में कहा की आग बुझाने से बेहतर है अग्नि की रोकथाम करना। इसके लिए संयंत्र के प्रत्येक शॉप में अग्नि निरीक्षण, अग्नि दुर्घटना की जांच, प्राथमिक अग्निशामक यंत्रो का रख रखाव, सुरक्षा बैठक, संयंत्र में स्थापित फि क्स्ड फ ायर फ ाईटिंग इन्स्टालेशन एवं प्रोटेक्शन सिस्टम की चैकिंग एवं मॉनिटरिंग की गति को बढ़ाना होगा। उन्होंने बताया कि संयंत्र के अग्निशमन विभाग ने समय समय पर राज्य शासन के लिए भी अपनी सेवाएं प्रदान की है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी बी के महापात्रा ने, अग्निशमन विभाग का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें अग्निशमन विभाग द्वारा संयंत्र स्तर पर विभिन्न विभागों, आसपास के क्षेत्रों में हुए अग्नि दुर्घटनाओं में प्रदान सेवाओं के बारे बताया। मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों ने अग्निशमन कर्मियों को उनके अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया और अग्निशमन सेवा से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर किशन लाल धुर्वे एवं सुनील कुमार सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फायरमैन घोषित किया गया, जबकि प्लांट के मर्चेंट मिल एवं वायर रॉड मिल को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ अग्नि सुरक्षा जागरूकता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

साथ ही 05 अप्रैल 2024 को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के उप-विभाजन कार्यालय के ट्रांसफार्मर भंडारण यार्ड में लगी भीषण आग को बुझाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले अग्निशमन जवानों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी एस बी धवस द्वारा दिया गया। इस पूरे रोचक कार्यक्रम का संचालन फायर स्टेशन ऑफिसर सारिका गहने, फायर में कम फायर इंजन ड्राइवर प्रमोद राठौर द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950